26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 10 नवम्बर, 2025

अंक- 17 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# आतंकी साज़िश : फ़रीदाबाद में 300 किलो आरडीएक्स बरामद

## धौज में डॉक्टर के घर से AK- 47 और 2 ऑटोमैटिक पिस्टल भी मिलीं

**फरीदाबाद (एजेंसी/चिंगारी)।** हरियाणा के फरीदाबाद में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। फरीदाबाद के धौज में डॉक्टर के घर से भारी मात्रा में आरडीएक्स बरामद हुआ है। कमरे से 14 बैग, 2 ऑटोमैटिक पिस्टल, 84 कारतूस, पांच लीटर केमिकल और एके-47 बरामद की गई है। धौज इलाके में हुई इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी मुजाहिल शकील की निशानदेही पर यह कार्रवाई की गई है। एक गाड़ी से जम्मू-कश्मीर पुलिस की 5 लोगों की टीम आई थी। करीब 7-8 घंटे पूछताछ और सर्च अभियान चला। जानकारी के अनुसार, आरोपी को जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीम ने दो दिन पहले गिरफ्तार किया था। पूछताछ के बाद आरोपी डॉक्टर की निशानदेही पर उसके आवास पर छापा मारा, जहां से टीम को 14 बैग आरडीएक्स, दो ऑटोमैटिक पिस्टल, 84 कारतूस, पांच लीटर केमिकल और एक एके-47 राइफल बरामद हुई है। यह बरामदगी सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि आरडीएक्स एक अत्यंत शक्तिशाली विस्फोटक है और इसका बड़ी मात्रा में मिलना किसी बड़े खतरे की ओर इशारा कर सकता है। यूपी के सहारनपुर से जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से संबंधों के चलते अनंतनाग के



रहने वाले एक डॉक्टर आदिल अहमद को गिरफ्तार किया था। इसी कड़ी में कश्मीर पुलिस ने फरीदाबाद में किराए पर रह रहे डॉक्टर के कमरे में छापा मारा। बताया जा रहा है कि कश्मीरी डॉक्टर मुजाहिल शकील ने फरीदाबाद में किराए पर कमरा लिया था। आरोपी डॉक्टर यहां रहता नहीं था। उसने केवल सामान रखने के लिए कमरा लिया था। पुलिस ने कमरे से 14 बैग बरामद किए हैं, जिनमें 300 किलो आरडीएक्स, एके-47 राइफल, 84 कारतूस और केमिकल रखा हुआ था। तीन महीने पहले किराये पर कमरा लिया था। बताया जा रहा है कि डॉक्टर शकील ने 3 महीने पहले ही किराये पर कमरा लिया था। रेड के दौरान 10 से 12 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आरोपी डॉक्टर को पुलिस ने हिरासत में लिया है। इस मामले में चार राज्यों जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और गुजरात से पूरे मामले का कनेक्शन खंगाला जा रहा है। मकान मालिक को कहा था कि सिर्फ सामान रखना है। सूत्रों के मुताबिक, डॉक्टर ने कमरा किराये पर लेते हुए मकान मालिक को कहा था कि उसे यहां सिर्फ सामान रखना है। उसके बाद कई बैग यहां रखे गए। बैग में क्या है, ये न मकान मालिक ने पूछा न किसी और ने।


**किराये पर स्थान उपलब्ध**

कुल क्षेत्रफल लगभग 1500 वर्ग फुट

**परिसर में उपलब्ध-**

बड़ा हॉल, 4 कमरे, रिसेप्शन एरिया, बरामदा (Verandah), पानी व बिजली की सुविधा उपलब्ध।

इच्छुक व्यक्ति चाहे तो यहाँ 5 बेड तक का छोटा अस्पताल/क्लीनिक भी संचालित कर सकते हैं।

**किराया आपसी बातचीत से तय होगा।**

**संपर्क करें-**

**(सुबह 11 से 2 के बीच)**

**मोबाइल- 8630478310**

**नोट- स्थान गली में स्थित है।**


# भ्रष्टाचार के आरोप में समाज कल्याण विभाग के चार अधिकारी बर्खास्त

## तीन की पेंशन से होगी कटौती

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** समाज कल्याण विभाग ने भ्रष्टाचार के आरोप में अपने चार जिला समाज कल्याण अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। उप्र लोक सेवा आयोग ने भी इनके बर्खास्तगी को मंजूरी दे दी है। इसमें से कुछ मामलों की फाइलें तो डेढ़ दशक से दबी हुई थीं। इतना ही नहीं भ्रष्टाचार के आरोपी जो तीन अधिकारी सेवानिवृत्त हो गए हैं, उनसे सरकारी रकम की वसूली के साथ पेंशन से स्थायी कटौती करने का निर्देश भी दिया गया। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सभी मामलों में एफआईआर कराने के निर्देश भी दे दिये हैं। इन सभी अधिकारियों के खिलाफ जांच समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण की निगरानी में हुई। बर्खास्त होने वाले अधिकारियों में श्रावस्ती की तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी मीना श्रीवास्तव, मथुरा के तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी करुणेश त्रिपाठी, हापुड़ के तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी संजय कुमार ब्यास और शाहजहांपुर के तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार शामिल हैं। मीना श्रीवास्तव वर्तमान में भदोही में तैनात थीं, जबकि एसके ब्यास, राजेश कुमार और करुणेश त्रिपाठी निलंबित चल रहे थे और मुख्यालय से संबद्ध थे। मीना श्रीवास्तव मार्च 2008 से अप्रैल 2012 तक श्रावस्ती में जिला समाज कल्याण अधिकारी के पद पर तैनात रहीं थी।



# गुजरात में पकड़े गये आतंकी का यूपी कनेक्शन

**शामली (एजेंसी/चिंगारी)।** गुजरात के अहमदाबाद में एटीएस द्वारा पकड़े गए तीन आतंकियों में शामिल आजाद शेख कस्बा झिंझाना के मोहल्ला शेखा मैदान का रहने वाला है। आजाद ने मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना स्थित मदरसे से कारी की दीनी तालीम हासिल की। अगस्त महीने में वह दिल्ली मरकज से 40 दिन की जमात में कोलकाता गया था। उसके बाद अब सात नवंबर को वह बुढ़ाना जाने को कहकर निकला था। आजाद शेख चार भाइयों और दो बहनों में तीसरे नंबर का है। पिता सुलेमान शेख और सबसे बड़ा भाई शहजाद राजमिस्त्री का कार्य करता है। दोनों ने बताया कि आजाद ने बुढ़ाना में कोतवाली के निकट मदरसे में कारी की पढ़ाई पूरी की, वह पिछले तीन माह से घर पर ही रहकर राजमिस्त्री के काम में हाथ बंटा रहा था। रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे फोन पर एटीएस अहमदाबाद ने आजाद के पकड़े जाने की सूचना दी। शाम को झिंझाना पुलिस ने आजाद के बारे में जानकारी ली। शहजाद ने बताया कि उसका भाई आजाद सात नवंबर को घर यह कहकर निकला था कि वह बुढ़ाना जा रहा है। शाम को उसने फोन पर बताया कि उसे बुखार आ गया है, वह अगले दिन आएगा।


**बिजनौर में खुल गया है**

ATHER ATHER



**इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह**

**एथर का शोरूम**

**Dhruvika Motors**

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 8192801901



## राशिफल

### विमल जैन

**हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्**

**मंगलवार, 11 नवम्बर 2025**

मेष- वाक्पटुता से कार्यों में सफलता, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, परोपकार में प्रवृत्ति, आर्थिक लाभ।

वृषभ- व्यक्तिगत समस्या का समाधान, शिक्षा एवं प्रतियोगिता में सफलता, प्रतिष्ठा में वृद्धि, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने में विफल, हर्ष भी।

मिथुन- ग्रहयोग बेहतर, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, व्यापारिक क्षेत्र में प्रगति का सिलसिला, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, समस्याएँ सुलझने की ओर, व्यक्तित्व का विकास।

कर्क- सुख शान्ति का अभाव, स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, प्रियजनों से मतभेद, आय में न्यूनता, व्यवहार में जरा सी लापरवाही नुकसानदायक, यात्रा में परेशानी, धनहानि की आशंका।

सिंह- स्वास्थ्य सुधार पर, जिम्मेदारियों को निभाने में अधिक व्यय, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, धन संचय में प्रवृत्ति, राजकीय पक्ष से सहयोग, आर्थिक प्रगति, लाभ का सुयोग।

कन्या- विविध पक्षों में अनुकूलता, जीवन में उपलब्धि, मनो-विनोद के साधन सुलभ, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, शत्रु परास्त, धर्म में आस्था, मन प्रसन्न।

तुला- व्यापार में विस्तार, अधिकारियों से सहयोग, आय के स्त्रोत, मित्रों से गलतफहमी दूर, परिश्रम के अनुरूप सफलता, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मानसम्मान में वृद्धि।

वृश्चिक- विशेष परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, वैवाहिक जीवन में मतभेद, सहयोगियों से विवाद की आशंका, नवीन समस्याएँ उत्पन्न, सोचे हुए कार्य अधूरे।

धनु- स्वास्थ्य सुधार पर, कुछेक समस्याओं का समाधान, नव उत्तरदायित्व का निर्वाह, वाद-विवाद का समापन, पारिवारिक वातावरण मनोनुकूल, मानसिक उत्साह।

मकर- कुछेक समस्याएँ सुलझने की ओर, सुसंदेश की प्राप्ति, सामाजिक क्रियाकलापों में रुचि, मनोरंजन की ओर प्रवृत्ति, नूतन पदाधिकार की प्राप्ति, सुयश की प्राप्ति।

कुम्भ- समय शुभ,कार्य-व्यवसाय में अनुकूलता, व्यक्तित्व का विकास, भौतिक सुख के साधन सुलभ, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, मेल-मिलाप में रुचि।

मीन- योजना अधूरी, संकल्प-विकल्प से सफलता में शंका, स्पष्टवादिता घातक, अधी-नस्थ सहयोगियों से तनाव, विचारों में उग्रता, वाद-विवाद से कष्ट, विरोधी सक्रिय।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# जिले के डाकघर में नहीं मिल रहे पोस्टकार्ड

## पोस्ट मास्टर ने 50,000 पोस्टकार्ड मंगाने के लिए लखनऊ को लिखा पत्र



बिजनौर गन्ना समिति में हुई बैठक को संबोधित करते हुए भाकियू अराजनीतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगम्बर सिंह।

**बिजनौर ( चिंगारी )**। गंगा एक्सप्रेस-वे की मांग को लेकर जिले में मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड भेजने का अभियान क्या चला, जिले में पोस्टकार्ड की किल्लत हो गई। जिले में इस समय किसानों को पोस्टकार्ड नहीं मिल रहे हैं। पोस्ट मास्टर लक्ष्मीकांत जोशी का कहना है कि लखनऊ से 50 हजार पोस्ट कार्ड मंगाए जा रहे हैं, फिलहाल डाकघर में पोस्टकार्ड नहीं हैं।

किसान नेता दिगम्बर सिंह ने गंगा एक्सप्रेस-वे की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को करीब 1 लाख पोस्टकार्ड भेजने की घोषणा की थी। किसानों के साथ जिले के लोगों ने मुख्यमंत्री को अब तक 1 लाख से अधिक पोस्टकार्ड भेज दिये हैं। पोस्टकार्ड का चलन लगभग खत्म होने के बाद एक बार फिर पोस्टकार्ड को लेकर डाकघरों में भीड़ दिखाई दी। हालात ऐसे हुए कि अधिकारियों को पोस्टकार्ड मंगाने पड़े। प्रधान डाकघर बिजनौर के अधिकारियों ने पोस्टकार्ड खत्म होने पर 50 हजार पोस्टकार्ड लखनऊ से मंगाने के लिए डिमांड भेजी है। वहीं युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगम्बर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री को गंगा एक्सप्रेस-वे की मांग को लेकर 1 लाख से अधिक पोस्टकार्ड भेजे जा चुके हैं। जिले के लोगों ने एक लाख पोस्टकार्ड भेजने के बाद 50 हजार और दूसरी बार 30 हजार पोस्टकार्ड खरीदे हैं। फिलहाल अब डाकघरों में पोस्टकार्ड नहीं मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड भेजने का अभियान अभी तेज किया जाएगा।


### 82 हजार पोस्टकार्ड बिक चुके

प्रधान डाकघर बिजनौर से ही 82 हजार पोस्टकार्ड बिक गए हैं। फिलहाल डाकघर में अब पोस्टकार्ड नहीं हैं। पोस्टकार्ड का चलन लगभग खत्म हो रहा था, लेकिन जिले के लोग एक बार फिर बड़े स्तर पर पोस्टकार्ड खरीद रहे हैं। लोगों की डिमांड को देखते हुए लखनऊ से 50 हजार पोस्टकार्ड मंगाने के लिए डिमांड भेजी गई है। उम्मीद है कि जल्द ही पोस्टकार्ड मिलेंगे।

**लक्ष्मीकांत जोशी, पोस्ट मास्टर**
प्रधान डाकघर बिजनौर।

# अब सोशल मीडिया पर तेज होगा पोस्टकार्ड अभियान

## तकनीक में एक्सपर्ट युवाओं को किया जाएगा इस आंदोलन में शामिल



**बिजनौर ( चिंगारी )**। बिजनौर गन्ना समिति में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह के नेतृत्व में किसानों की मीटिंग हुई। मीटिंग में युवा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। दिगम्बर सिंह ने कहा कि पोस्टकार्ड अभियान को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर तेज किया जाएगा। जिले में ऐसे युवाओं को तैयार किया जा रहा है, जो किसानों की समस्याओं और मुद्दों को सोशल मीडिया के माध्यम से शासन तक पहुंचाए। ऐसे ही युवाओं को बैठक में बुलाया गया था।

बैठक में युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगम्बर सिंह ने बताया कि गंगा एक्सप्रेस-वे और कृषि विश्वविद्यालय कैसे मिले, नजीबाबाद शुगर मिल की क्षमता वृद्धि के विषय को कैसे सरकार तक पहुंचाया जाए और कैसे जनपद के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा जाए, इसमें युवाओं का क्या सहयोग हो सकता है को लेकर चिंतन-मनन किया गया। दिगम्बर सिंह ने कहा कि बैठक में सोशल मीडिया पर एक्टिव जनपद के नौजवानों को बैठक में बुलाया गया था, जिसमें सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया। पोस्टकार्ड अभियान को तेज करने के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी इस आंदोलन को मजबूत बनाने के लिए युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी का आश्वासन दिया है। युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगम्बर सिंह ने कहा कि किसानों की कई समस्याएं हैं, जिन्हें जल्द ही मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। तकनीक में एक्सपर्ट युवाओं की एक फौज तैयार की जा रही है, जो सोशल मीडिया और एक्स पर किसानों के आंदोलन पहुंचाएंगे ताकि यह आंदोलन प्रदेश के मुख्यमंत्री तक पहुंच सके। जिले में गंगा एक्सप्रेस-वे की मांग के साथ कृषि यूनिवर्सिटी की मांग चल रही है। यह मांग अब शहर से लेकर गांव तक लोगों तक पहुंचाई जाएंगी।

# हादसे में घायल व्यक्ति ने एम्स में एडमिट होने से पूर्व दम तोड़ा

**नांगल सोती ( चिंगारी )। कल चंदक निवासी अनिल कुमार उर्फ कालू ( 38 वर्ष ) पुत्र प्रवीण शर्मा, ग्राम तातारपुर लालू ( नजीबाबाद ) में स्थित तेल डिपो से संचालित पेट्रोलियम पदार्थ के टैंकर पर चालक के रूप में कार्य करता था। देर शाम वह अपना कार्य पूरा करके वापस घर लौट रहा था। लगभग साढ़े सात बजे नांगल-चंदक मार्ग पर ग्राम महमसापुर के ईंट-भट्टे के समीप स्थित तिसोतरा के तिराहे पर उसकी बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। परिजन उसे सरकारी एम्बुलेंस से लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, फिर उसे एक प्राइवेट हॉस्पिटल में दिखाया गया। पेट में बेहद गंभीर चोट लगने के कारण परिजन अर्द्धरात्रि के समय उसे एम्स , ऋषिकेश में लेकर जा रहे थे। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार हरिद्वार तक वह बोल रहा था। वे एम्स में पहुंच भी चुके थे, मगर एडमिट कराने से पूर्व ही उसने दम तोड़ दिया। चिकित्सकों ने देखकर बताया कि उसकी मृत्यु हो चुकी है। मृतक के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं।**



## जरूरी है पढ़ाई, शिक्षक ने छात्रों के पीछे दौड़ लगाई

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )**। दयानंद जनता इंटर कॉलेज हीमपुर दीपा के शारीरिक शिक्षक विजेंद्र सिंह ने आज छात्रों के पीछे जमकर दौड़ लगाई, जिसे देख लोग सकते में आ गए। हुआ यूं कि सब्लदपुर आदि गांव के कुछ छात्र घर से बस्ता उठाकर तो आ गए, लेकिन कॉलेज जाने के बजाय सड़कों पर मटर गस्ती करने निकल पड़े, यह पता चलते ही शारीरिक शिक्षक विजेंद्र सिंह उनकी खोज में निकल पड़े। चोर-सिपाही का यह खेल काफी देर तक चलता रहा। छात्रों ने गांव के गली-मोहल्ले और घरों की छतों पर चढ़कर बचने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह शिक्षक की तेज नजरों से बच न सके और पकड़े गए। बताते हैं कि प्रधानाचार्य योगेशपाल सिंह एवं शारीरिक शिक्षक विजेंद्र सिंह शिक्षा और अनुशासन के मामले में सख्त रुख अपनाए हुए हैं, जिसका परिणाम है कि शिक्षा हो या फिर खेल का मैदान हर क्षेत्र में छात्रों ने कॉलेज का नाम रोशन किया है, जिसकी क्षेत्र में काफी सराहना की जा रही है।

# नहटौर ब्लॉक क्षेत्र में 125 बूथों पर बीएलओ द्वारा घर-घर पहुंचाये जाने लगे प्रपत्र

## तहसीलदार ने अभियान की विस्तार से दी जानकारी



**नहटौर ( चिंगारी )।** रविवार को शासन के निर्देशानुसार विकासखंड क्षेत्र आकू व नगर पालिका परिषद के अंतर्गत बने 125 बूथों पर बीएलओ द्वारा मतगणना प्रपत्र घर–घर जाने का अभियान प्रारंभ हो गया। इस अभियान के अंतर्गत बीएलओ ने घर–घर जाकर गणना पपत्र वितरण करने का कार्य किया। इसी दौरान तहसीलदार धामपुर धनराज सिंह,कानूनगो ओमवीर सिंह, लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि की टीम ने पालिका के क्षेत्र के मोहल्ला मोलवियान में घर–घर जाकर मतदाताओं से को इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रपत्रों के माध्यम से मागी गई जानकारी को अंकित करने के बारे में जानकारी दी। कोई भी कॉलम छूटे नहीं, ताकि कोई भी परेशानी नहीं उठानी पड़े। विस्तार से इस अभियान की पूर्ण तरह से जानकारी देते हुए इस अभियान को पूरी तरह से सफल बनाने में पूर्ण सहभागिता करें। तहसीलदार धामपुर धनराज सिंह ने पालिका क्षेत्र के तीन बूथों ग्रामीण क्षेत्रों में बैरमाबाद गढ़ी, किशनपुर भोगन के बूथों पर पहुंचकर संबंधित बीएलओ से अभियान की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। हलका लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि ने बताया कि इस अभियान के तहत ब्लॉक क्षेत्र में 125 बूथों पर यह अभियान निर्धारित समय से प्रारंभ हुआ, जिसमें 125 बीएलओ लगाए गए। तहसीलदार धामपुर द्वारा पांच बूथों का निरीक्षण किया गया। कुछ बूथों पर घर–घर जाकर प्रपत्रों का वितरित किया गया। मतदाताओं को प्रपत्र के बारे में पूर्ण तरह से जानकारी दी। इस अवसर पर वार्ड सभासद शमशीर पोंटिंग, हामिद कुरैशी, अशोक चंद्र, शाहजेब आलम, राजा कुरैशी, इदरीश अहमद आदि नागरिकों ने भाग लिया।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## पति, सास, ससुर व नन्दोई सहित 8 के ख़िलाफ़ रिपोर्ट दर्ज

### मुक़दमा लिखाने को लगातार अड़ी रही इरम

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** पति द्वारा फोन पर तलाक दे दिये जाने और ससुरालियों द्वारा गाली–गलौच व मारपीट कर घायल कर देने एवं गर्भपात करा देने के आरोप में मुकदमा लिखाने को पिछले एक माह से चल रही इरम की कोशिश आखिर सफल हुई। रेहड़ पुलिस ने आरोपी पति, सास, ससुर सहित 8 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उत्तराखंड की नई बस्ती जसपुर निवासी मौ. असलम की पुत्री इरम का विवाह थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम भगतावाला निवासी जाकिर हुसैन के पुत्र मौ. हारुन के साथ 15/8/2025 को हुआ था। आरोप है कि मनमुटाव के चलते पौने दो माह बाद ही अक्टूबर माह के पहले सप्ताह ही उसका पति उसे चकमा देकर चोरी छिपे सऊदी चला गया और वहां जाकर इरम को फोन पर तलाक दे दी। इरम का यह भी आरोप है कि उसकी सास साबरी, ससुर जाकिर हुसैन, देवरानी सीमा, सीरवासुचंद निवासी नंदोई इस्लामुद्दीन व नंद सईदा आदि ने गर्भवती होने के बावजूद उसके साथ गाली गलौच व मारपीट की जिससे उसके पेट में पल रहे एक माह के बच्चे की मौत हो गई। रेहड़ पुलिस ने इरम की ओर से उसके पति भगतावाला निवासी मौ. हारून, सास साबरी, ससुर जाकिर हुसैन, सीरवासुचंद निवासी नंदोई इस्लामुद्दीन व नंद सईदा सहित 8 आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष रेहड़ विजेंद्र सिंह एवं आईओ बलवीर सिंह ने मुकदमा दर्ज होने की पुष्टि करते हुए जांच शुरू कर दिये जाने की बात कही है।

## ईडी ने धन शोधन जांच में पीएफआई से जुड़ी 67 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी ) ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के स्वामित्व और नियंत्रण वाली 67.03 करोड़ रुपये मूल्य की आठ और अचल संपत्तियां कुर्क की हैं। ईडी के सूत्रों के मुताबिक ये संपत्तियां विभिन्न ट्रस्टों और उसके राजनीतिक मोर्चे, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के नाम पर थीं। उन्होंने बताया कि धन शोधन रोधी एजेंसी ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी(एनआईए) की ओर से दर्ज प्राथमिकी के साथ–साथ अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा संगठन के खिलाफ दर्ज विभिन्न प्राथमिकियों के आधार पर पीएमएलए, 2002 के तहत पीएफआई और अन्य के खिलाफ जांच शुरू की थी। जांच से पता चला है कि पीएफआई के पदाधिकारी, सदस्य और कार्यकर्ता कथित तौर पर बैंकिंग चैनलों और हवाला चंदे के माध्यम से भारत और विदेशों से धन जुटाने की साजिश रच रहे थे और देश भर में आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दे रहे थे।


फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है !
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

**भली लगे या बुरी...**

## बिहार चुनाव में बाहुबली

बिहार चुनाव में कई बाहुबली भी मैदान में उतरे। इसके बावजूद राजनीति का अपराधीकरण चुनाव में कोई मुद्दा नहीं बना। हालांकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा अन्य भाजपा नेताओं ने माफिया शहाबुद्दीन के पुत्र को टिकट देने की घोर आलोचना की है जो स्वयं एक माफिया है। विडंबना है कि 'गठबंधन धर्म' निभाते हुए सीपीआईएमएल ने भी उसका समर्थन किया है, जबकि यह पार्टी बिहार में लंबे समय तक माफिया तत्वों के खिलाफ जमीनी संघर्ष करती रही है। 'इंडिया' गठबंधन ने अंततः तेजस्वी यादव को अपना मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित कर दिया है। कहा जाता है कि कांग्रेस पहले उनके नाम पर सहमत नहीं थी, पर बकौल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'कनपटी पर कट्टा रख कर उसे इसके लिए मजबूर किया गया।' प्रधानमंत्री मोदी समेत अन्य भाजपा नेताओं ने राजद के एक प्रचार-वीडियो पर जम कर निशाना लगाया है जिसमें कथित रूप से राजद के चुनाव जीतने पर विरोधियों से कट्टे और दोनाली से निपटने की धमकी दी गई है। लेकिन मोकामा में जनसुराज पार्टी उम्मीदवार के रिश्तेदार की हत्या तथा इस आरोप में जदयू उम्मीदवार व माफिया अनंत सिंह की गिरफ्तारी ने स्पष्ट कर दिया है कि बिहार के कुछ क्षेत्रों में अब भी 'माफिया राज' है और कोई पार्टी इससे मुक्त नहीं है। इस चुनाव क्षेत्र में प्रचार कर रहे केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह पर भी कथित रूप से अपने कार्यकर्ताओं को भड़काने के कारण एफआईआर हुई है।

भाजपा और जदयू ने जहां बिहार के मतदाताओं को लालू-राबड़ी के 'जंगल राज' की याद दिलायी है, वहीं तेजस्वी यादव तथा इंडिया गठबंधन के अन्य नेता बिहार की कानून व्यवस्था को लेकर नीतीश को घेरते रहे। उन्होंने मतदाताओं में इस बात का भी किया कि नीतीश का स्वास्थ्य ठीक नहीं है, भाजपा इस बार चुनाव जीतने पर उनको मुख्यमंत्री नहीं बनाएगी या मुख्यमंत्री बनाने के बाद उनको थोड़े ही दिन में हटा दिया जाएगा। इस प्रचार के माध्यम से 'इंडिया' गठबंधन नीतीश-समर्थक मतदाताओं व खासकर ईबीसी मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने का प्रयास किया है। कुल मिलाकर बिहार में चुनावी ऊंट किस करवट बैठेगा, अभी यह कहना संभव नहीं है।

# उत्तराखण्ड : राज्य गठन के 25 साल बाद भी नहीं थमा पहाड़ से पलायन का सिलसिला



राहुल सिंह शेखावत

देखते ही देखते उत्तराखंड अपनी स्थापना के 'रजत वर्ष' में प्रवेश कर गया है। तत्कालीन उत्तर प्रदेश से अलग राज्य की मांग को लेकर 1994 में जनसैलाब सड़कों पर उतरा। पुलिस ने खटीमा, मसूरी, नैनीताल और देहरादून में आंदोलनकारियों पर गोलियां चलाईं और कई स्थानों पर लाठीचार्ज किये। उस दौरान गांधी जयंती पर तो दिल्ली, मुजफ्फरनगर तिराहे पर पुलिसिया हैवानियत की नई इबारत लिखी गई। तब न सिर्फ गोलियां चलीं, बल्कि औरतों ने बलात्कार तक झेला।

समूचे राज्य आंदोलन में 42 शहादतें हुईं, जिसके बाद 9 नवम्बर 2000 को हिंदुस्तान के नक्शे पर उत्तराखण्ड एक नये राज्य के तौर पर उभरा। अतीत इस बात का गवाह है कि बीते 25 सालों में 12 बार सरकारों के शपथ ग्रहण हुए हैं। इस दौरान भाजपा और कांग्रेस के 10 लोग मुख्यमंत्री बने। इस कड़ी में पुष्कर सिंह धामी सूबे की बागडोर संभाल रहे हैं, जिनके नेतृत्व में राज्य में पहली बार सरकार रिपीट हुई। वरना चुनाव दर चुनाव में सरकार बदलने का सिलसिला रहा है।

बतौर मुख्यमंत्री कांग्रेस के स्वर्गीय नारायणदत्त तिवारी ही पांच साल का कार्यकाल पूरा करने में सफल हुए। गौरतलब है कि राज्य गठन के वक्त स्वर्गीय नित्यानंद स्वामी भाजपा की अंतरिम सरकार की बागडोर संभालने वाले इतिहास पुरूष बने। उन्हें बेदखल कर 4 महीने सत्ता संभालने वाले भगत सिंह कोश्यारी को जनता ने पहले आम चुनाव में नकार दिया और कांग्रेस को बहुमत मिला। पहली निर्वाचित सरकार के मुखिया बने एनडी तिवारी ने उत्तराखंड में आधारभूत ढांचे और औद्योगिक विकास की बुनियाद रखी।

तत्कालीन यूपी के पहाड़ी इलाकों में भौगोलिक परिस्थितियां, विकास और प्रशासनिक उपेक्षा से छुटकारा पाने को ही एक अलग पर्वतीय राज्य की मांग बुलंद हुई थी। लेकिन पहाड़ी नेता सुविधाओं के लिए चुनाव लड़ने के लिए मैदान में सीटें तलाश रहे हैं। अगर अपवाद छोड़ दें तो कमोबेश हर सरकार के कार्यकाल में उत्तराखंड में अफसरशाही नजर आई।

दूसरी विधानसभा के कार्यकाल में भाजपा के रिटायर्ड मेजर जनरल भुवनचंद्र खण्डूरी ने उस सिलसिले को आगे बढ़ाया। लेकिन उन्हें कड़क मिजाजी से उभरे विधायकों के असंतोष और 2009 के लोकसभा चुनावों में हार का बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ा, जिसके चलते रमेश पोखरियाल निशंक ने उन्हें रिप्लेस किया। उन्हें सिटरजिया भूमि मामले में घिरने और विद्युत परियोजना आबंटन में कथित भ्रष्टाचार के आरोप चस्पा होने पर आम चुनाव से ठीक पहले मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ा था। तत्कालीन 'अन्ना आंदोलन' की हवा के बीच भाजपा हाईकमान ने खंडूरी पर दुबारा दांव लगाया।

तीसरी विधानसभा के कार्यकाल में विजय बहुगुणा के नेतृत्व में कांग्रेस की गठबंधन सरकार गठित हुई। जिन्होंने गैरसैंण में 'ट्रांजिट एसेंबली' का शिलान्यास करके एक नया इतिहास बनाने की अधूरी कोशिश की। लेकिन 'केदारनाथ आपदा' से निपटने में नाकामी उनके हटने का कारण बना। उनके बाद मुख्यमंत्री बने हरीश रावत ने इच्छा शक्ति दिखाते हुए आपदा के खौफ से उबारने में बड़ी भूमिका निभाई।

हरीश रावत ने गैरसैंण में टैंट-तंबूओं में विधानसभा सत्र आयोजित करके उत्तराखंड में एक नई इबारत लिख डाली, लेकिन कथित 'एकला चलो' नीति के खिलाफ बीजेपी के संरक्षण में बहुगुणा खेमे के विधायकों ने सरकार गिराई और राष्ट्रपति शासन लगा। रावत सरकार सुप्रीम कोर्ट की दखल से तो बहाल हुई, लेकिन आम चुनावों में बेदखल हो गयी।

भाजपा को 'मोदी युग' में हुए चौथी विधानसभा के चुनावों में प्रचंडतम बहुमत मिला। त्रिवेंद्र सिहं रावत को सूबे की बागडोर सौंपी गई थी। उनके कार्यकाल में गैरसैंण को 'ग्रीष्मकालीन राजधानी' का दर्जा दिया। बेशक त्रिवेंद्र के कार्यकाल में भ्रष्टाचार और अराजकता के खिलाफ सख्ती दिखी। लेकिन भाजपा हाईकमान ने कथित संवादहीनता के चलते पनपे असंतोष और कतिपय विवादास्पद फैसलों की छाया की वजह से उन्हें आनन-फानन में हटा दिया।

इस कड़ी में तत्कालीन सांसद तीरथ सिंह रावत को मुख्यमंत्री बनाया और महज 4 महीने बाद चलता कर दिया गया, वह शायद ही इस पहेली का उत्तर ढूंढ पाएं हों कि आलाकमान ने उनके साथ मजाक किया या उपकार। उन्हें बाद में हटाकर राज्य में पांचवें आम चुनावों से ठीक पहले युवा विधायक पुष्कर सिंह धामी के सिर पर ताज सजाया गया।

भाजपा को अप्रत्याशित रुप से लगातार दूसरी बार बहुमत मिला। उत्तराखंड की पांचवीं विधानसभा चुनाव में पुष्कर खुद चुनाव हार गए, लेकिन मोदी का उन पर भरोसा कायम रहा।

धामी सरकार ने समान आचार संहिता कानून (UCC), कथित जबरन धर्मांतरण और लव जेहाद के खिलाफ कानून बनाए हैं। कथित अवैध मजारों के ध्वस्तीकरण से साफ है कि धार्मिक या फिर कहें 'सांप्रदायिक ध्रुवीकरण' धामी सरकार की प्राथमिकता में है। हालांकि, उनके कार्यकाल में सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 30 फीसदी क्षैतिज आरक्षण और राज्य आंदोलनकारियों के लिए 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण, पेपर लीक और नकल के खिलाफ कानून भी बने हैं। हालांकि इसके बावजूद पिछले दिनों एक राज्य स्तरीय परीक्षा में पेपर लीक हुआ। छात्र आंदोलन के दबाव में उसे कैंसिल करके सीबीआई जांच की संस्तुति की गई।

उत्तराखंड के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 378 हजार करोड़ रुपये होने का अनुमान है। राज्य की आर्थिक विकास दर करीब 7.83 फीसदी है। उत्तर प्रदेश से अलग होने पर सूबे की प्रति व्यक्ति आय करीब 15,285 रू. थी। जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में छलांग मारते हुए 2 लाख 74 हजार रु. तक अनुमानित है। जो कि राष्ट्रीय औसत से कमोबेश दो लाख रुपए अधिक है। इस कड़ी में राज्य गठन के वक्त रहे सालाना बजट का आकार 4505.75 करोड़ से बढ़ते हुए मौजूदा वित्तीय वर्ष में 101,17533 करोड़ तक पहुंच गया।

इसमें कोई दो राय नहीं कि मूलभूत सुविधाओं में भी इजाफा हुआ। स्कूल-विश्वविद्यालय और अस्पतालों की संख्या में वृद्धि हुई और एम्स और आईआईएम सरीखे संस्थान स्थापित हुए। बेशक चारधाम ऑल वेदर रोड और ऋषिकेष- कर्णप्रयाग रेल परियोजना से उम्मीदों के नये पंख लगे हैं। लेकिन बेरोजगारी की समस्या का समाधान नजर नहीं आ रहा। ऐसी कोई सरकार नहीं जिस पर भ्रष्टाचार का ग्रहण न लगा हो।

राज्य गठन के 25 साल बाद भी समुचित सुविधाओं के अभाव में पहाड़ से पलायन का सिलसिला नहीं थम रहा। अल्मोड़ा और पौड़ी जिलों के आंकड़े तो डराने वाले हैं, जहां उत्तर प्रदेश के दौर में पहाड़ से लोग महानगरों को रूख करते थे। वहीं, उत्तराखंड में देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंहनगर और नैनीताल के मैदानी इलाकों में बसने को तरजीह दे रहे हैं, जिससे पहाड़ वीरान हो रहे और तराई-मैदान के भूभाग पर बेतहाशा दबाव बढ़ रहा है। साल दर साल कृषि भूमि का क्षेत्रफल घटता जा रहा है।

तत्कालीन यूपी के पहाड़ी इलाकों में भौगोलिक परिस्थितियों, विकास और प्रशासनिक उपेक्षा से छुटकारा पाने को ही एक अलग पर्वतीय राज्य की मांग बुलंद हुई थी। लेकिन पहाड़ी नेता सुविधाओं के लिए चुनाव लड़ने के लिए मैदान में सीटें तलाश रहे हैं। अगर अपवाद छोड़ दें तो कमोबेश हर सरकार के कार्यकाल में उत्तराखंड में अफसरशाही नजर आई।

दरअसल, पर्वतीय राज्य की मांग थी, लेकिन उसमें भविष्य की व्यवहारिक जरूरतों के मद्देनजर मैदानी भू-भाग भी शामिल किया गया। पहाड़ बनाम मैदान के वोट गणित में 'स्थायी राजधानी' का मुद्दा उलझ गया। विधानसभा के हालिया 'विशेष सत्र' के दौरान क्षेत्रीय हितों के लिए विधायकों में टकराव ने उसकी फिर पुष्टि कर दी। बेशक, उत्तराखंड को एक नये राज्य के स्वाभाविक फायदे मिले हैं। लेकिन समग्र और संतुलित विकास का ऐसा मॉडल विकसित नहीं हो पाया। अलबत्ता सियासी महत्वाकांक्षा में आम जनमानस की उम्मीदों पर भारी पड़ी है। **(लेखक वरिष्ठ टेलीविजन पत्रकार हैं)**

# बसपा को सत्ता में लाने के लिए पूरी जान लगा दें- मुनकाद

## बबलू सैनी समर्थकों के साथ बसपा में शामिल

**चांदपुर ( चिंगारी )।** बहुजन समाज पार्टी के प.उ.प्र. प्रभारी एवं पूर्व सांसद बाबू मुनकाद अली ने कार्यकर्ताओं से सेक्टर एवं बूथ कमेटी का पुनः निरीक्षण कर संगठन को मजबूत बनाने तथा पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को 5वीं बार मुख्यमंत्री बनाने के लिए अभी से ही विधानसभा चुनाव की तैयारी में पूरे जी जान से जुट जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर शेर सिंह सैनी उर्फ बबलू सैनी ने अपने समर्थकों के साथ बसपा में शामिल होने की घोषणा की,जिनका बसपा नेताओं ने माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया।



बसपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते पूर्व सांसद बाबू मुनकाद अली।

पूर्व सांसद बाबू मुनकाद अली यहां बिजनौर रोड स्थित बसपा के विधानसभा क्षेत्र प्रभारी डा. शकील हाशमी के आवास पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोगों के वोट बनवाने में अपना सहयोग देने को भी कहा। उन्होंने कहा कि देश व उत्तर प्रदेश में बसपा का जनाधार तेजी के साथ बढ़ रहा है। 9 अक्टूबर को लखनऊ में हुई बसपा की ऐतिहासिक रैली इसका उदाहरण है। उन्होंने बसपा को सर्वसमाज की पार्टी बताते हुए कहा कि बसपा सत्ता में आने पर बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के लिए कार्य करती है।

कार्यक्रम में बसपा के मुख्य मंडल प्रभारी सतपाल पीपला, मंडल प्रभारी राजेन्द्र सिंह,आदिल चौधरी, डा. शकील हाशमी, जिलाध्यक्ष अखिलेश हितैषी, जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी, धर्मपाल सिंह, साजिद चौधरी, मोनिस खान, चेतराम सिंह, रामकिशन सिंह, सजेराम सिंह, बन्ने अल्वी, नफीस सैफी, वीर सिंह, विधानसभा अध्यक्ष अजय कुमार सागर, श्रीराम सिंह, संजीव कुमार काके, बलवंत सिंह, विधानसभा अध्यक्ष नूरपुर मौलाना असरारूल हक सहित बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इससे पूर्व सांसद बाबू मुनकाद अली के यहां पहुंचने पर डा. शकील हाशमी व अकील अंसारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनको फूलमालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया।

# 25 को दिल्ली कूच करेंगे, पुरानी पेंशन लेकर रहेंगे



**बिजनौर ( चिंगारी )।** टीईटी परीक्षा अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण के विरोध एवं पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह की अध्यक्षता एवं मंडलाध्यक्ष इंद्रेश यादव के संचालन में सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में मंडलीय पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए चंद्रहास सिंह ने कहा कि आगामी 25 नवंबर को दिल्ली में टीईटी परीक्षा अनिवार्यता एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण के विरोध में महारैली राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व आयोजित की जाएगी, जिसमें देश के लाखों शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद होकर प्रतिभाग करें। मंडलाध्यक्ष इंद्रेश यादव ने कहा कि संघर्ष शिखर पर है, संगठित होने की आवश्यकता है। मेरठ जिलाध्यक्ष मुनीराम सिंह व वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय तोमर ने कहा कि अटेवा ईमानदारी से पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्षरत है। हमारा संघ अटेवा के आगामी आंदोलन में साथ है। बैठक को जितेंद्र यादव, राजकुमार यादव, नरेश कुमार, मोहम्मद, उवेश, अतुल श्रीवास्तव, रामबहादुर वर्मा, अजीत कुमार, अजय शुक्ला, रोहताश, संजय कुमार, प्रवीण सैनी, रमापति पाठक, सतीश कुमार सिंह, गजेंद्र सिंह, विकास गौतम आदि ने संबोधित किया।

# रिजर्व पुलिस लाइन्स में चिकित्सा शिविर आयोजित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रिजर्व पुलिस लाइन्स बिजनौर में रविवार को वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में चिकित्सा गतिविधि एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शीत ऋतु में फैलने वाली बीमारियों जैसे फ्लू, ब्रोंकाइटिस, गले में खराश और कान के संक्रमण से बचाव एवं उपचार संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम में वामा सारथी अध्यक्षा रिया झा, आरआई देवेन्द्र सिंह सिकरवार, डा. अभिषेक कुमार गोयल, विकास कुमार और प्रमोद सिंह मौजूद रहे।

# बेइज्जती से आहत होकर छात्र ने किया आत्मदाह

## आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत

मुज़फ्फरनगर ( चिंगारी )। बुढ़ाना में डीएवी पीजी कॉलेज के होनहार छात्र उज्ज्वल राणा जब स्कूल फीस जमा नहीं करा पाया तो उसे कॉलेज से बेइज्जत कर निकाल दिया गया। इससे आहत उज्ज्वल ने कॉलेज में ही आग लगा ली, जिसकी उपचार के दौरान दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में तड़प-तड़प कर दर्दनाक मौत हो गयी। उज्ज्वल ने आत्मदाह करने से पहले एक वीडियो जारी किया था, जिसमें कॉलेज मनेजमेंट तथा कुछ पुलिस वालों को दोषी बताया है। छात्र की मौत के बाद एसएसपी संजय वर्मा ने एक दरोगा सहित तीन पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। एसएसपी ने बताया कि परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बुढ़ाना में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया है।

# कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस आयोजित




**बिजनौर ( चिंगारी )।** कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर के सभागार में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान उपस्थित रहे। विधि के प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए विधिक सेवा दिवस के उद्देश्यों को स्पष्ट किया। विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप राठौर सिंह ने विधिक दिवस की महत्ता को स्पष्ट किया तथा बताया राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस की शुरूआत पहली बार 1995 में भारत सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए की गई थी। विधि प्रवक्ता डा. एम.ए. खान ने कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ में संचालित लीगल एड क्लीनिक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सभी कमजोर व असहाय वर्ग के लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती रही है। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता मीनू कोठारी ने किया। प्रवक्ता अभिषेक प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विधि प्रवक्ता शिव कुमार, विशाल विक्रम सिंह, अभिषेक प्रताप सिंह, पूजा ठाकुर, दीपिका सिंह एवं खुशबू रानी आदि का विशेष योगदान रहा।

# आर.एस.एम. महाविद्यालय धामपुर में रुटा की बैठक सम्पन्न

## विश्वविद्यालय चुनाव एवं शिक्षकों की समस्याओं पर हुई चर्चा



**धामपुर ( चिंगारी )।** आरएसएम कॉलेज धामपुर शिक्षक संघ इकाई द्वारा आर.एस.एम. (पी.जी.) महाविद्यालय, में रविवार को रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (रुटा) की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद की कार्यकारिणी के गठन से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा करना रहा। बैठक में रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली एवं गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के विभिन्न कॉलेजों के शिक्षक संघ इकाई से आए 60 से अधिक शिक्षक साथियों ने भाग लेकर अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किये।

रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (रुटा) के महामंत्री प्रो. स्वदेश सिंह ने चुनाव की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने चुनाव अधिकारी की नियुक्ति, मतदान स्थल के चयन तथा चुनाव की तिथि इस प्रकार निर्धारित करने पर बल दिया जिससे अधिकाधिक शिक्षक मतदान में सम्मिलित हो सकें। प्रो. राजकुमार सोनकर (के. जी. के. कॉलेज, मुरादाबाद) ने कहा कि शिक्षक संघ शिक्षकों की समस्याओं के समाधान में अग्रणी भूमिका निभाए तथा शिक्षकों के सुख-दुःख में सदैव सहभागी बने। प्रो. ए.पी. सिंह (हिन्दू कॉलेज, मुरादाबाद) ने चुनाव का स्थान हिन्दू कॉलेज, मुरादाबाद प्रस्तावित किया। प्रो. विनोद पाण्डेय (के.जी.के. कॉलेज, मुरादाबाद) ने कहा कि प्राचार्यों द्वारा उत्पन्न समस्याओं से निपटने के लिए एक मजबूत एवं एकजुट शिक्षक संघ का गठन आवश्यक है। प्रो. शोराज सिंह (जोनल सेक्रेटरी, उत्तर प्रदेश फुफुक्टा) ने कहा कि महाविद्यालयों की सभी शिक्षक संघ इकाइयों को संगठित होकर कार्य करना चाहिए। रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (रुटा) के अध्यक्ष प्रो. मुकेश कुमार (वर्धमान कॉलेज, बिजनौर) ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक संघ इकाई का अपना महत्व होता है, और संघ की सफलता सभी सदस्यों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सुझाव दिया कि कोई भी इकाई अध्यक्ष एवं महामंत्री की स्वीकृति से अपने महाविद्यालय को चुनाव स्थल के रूप में प्रस्तावित कर सकती है। इस अवसर पर प्रो. रश्मि शर्मा रावल, प्राचार्य, आर.एस.एम. महाविद्यालय, धामपुर ने अपने संबोधन में कहा 'मैं पहले एक शिक्षक हूं, फिर प्राचार्य। प्राचार्य केवल एक पद है, पर शिक्षक का धर्म सबसे बड़ा है।' कार्यक्रम का संचालन आर एस एम शिक्षक संघ इकाई के अध्यक्ष प्रो. अमित कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो. पूनम घई, प्रो. एसएल पाल, प्रो. रमाकांत, प्रो. ओपी मौर्य, डॉ. जितेंद्र चौधरी, प्रो. राम कुमार सिंह, डॉ. रवि धनकड़, डॉ. भारती चौहान, डॉ. हिमांशु त्रिपाठी, डॉ. विवेक यादव, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. कौशिक प्रसाद, डॉ. देवेश पाठक, डॉ. आकाश आदि शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

### " बैठक में एकजुटता का माहौल बना

**इस बैठक के सफल आयोजन से शिक्षकों में नई ऊर्जा और एकजुटता का संदेश गया तथा आगामी विश्वविद्यालय चुनाव के लिए सकारात्मक माहौल बना। कार्यक्रम में वर्धमान कॉलेज से प्रो. जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा, प्रो. राजेश कुमार यादव, प्रो. प्रमोद कुमार, डॉ. देवेंद्र कुमार, डॉ. चारु दत्त आर्य, साहू जैन कॉलेज नज़ीबाबाद से प्रो. अनिल कुमार, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. विकास यादव, डॉ. अनुराज एसबीडी कॉलेज से प्रो. बिमला सिंह, डॉ. अर्चना, डॉ. नीलम शर्मा, डॉ. अर्चना कुंतल, डॉ. सुषमा, गुलाब सिंह कॉलेज चांदपुर से मोहम्मद सुलेमान तथा आरएसएम कॉलेज से पूनम घई, प्रो. एसएल पाल, प्रो. रमाकांत, प्रो. ओपी मौर्य, डॉ. जितेंद्र चौधरी, प्रो. राम कुमार सिंह, डॉ. रवि धनकड़, डॉ. भारती चौहान, डॉ. हिमांशु त्रिपाठी, डॉ. विवेक यादव, डॉ. आदित्य कुमार डॉ. कौशिक प्रसाद, डॉ. देवेश पाठक, डॉ. आकाश आदि शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।**

## 'दीपशिखा' ने पांच साहित्य साधकों को सम्मानित किया



**हरिद्वार ( चिंगारी )।** दीपशिखा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मंच हरिद्वार के दीप शिखा स्थापना दिवस के अंतर्गत दीपशिखा सम्मान समारोह एवं कवि गोष्ठी का आयोजन आर्य नगर ज्वालापुर स्थित पातंजल योग धाम के सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कवयित्री डॉ. मीरा भारद्वाज तथा संचालन हिंदी कवि डॉक्टर सुशील कुमार त्यागी अमित एवं युवा कवयित्री वृंदा शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। पातंजल योग धाम आर्य नगर हरिद्वार के अध्यक्ष एवं आर्य संन्यासी स्वामी मेधानंद सरस्वती ने दीपशिखा मंच द्वारा साहित्यिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को हिंदी संस्कृत के प्रति जागरूक करना ही भारतीय भाषाओं का सम्मान है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं संस्कृत शिक्षा हरिद्वार के सहायक निदेशक डॉ वाजश्रवा आर्य ने सम्मानित होने वाले साहित्य साधकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि साहित्यकार के एल दीवान की साहित्यिक परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास दीपशिखा मंच निरंतर करता आ रहा है, जो भावी पीढ़ी के लिए अनुकरणीय है।

प्रथम चरण में दीपशिखा सम्मान समारोह के अंतर्गत साहित्य साधक,लेखक, संपादक एवं कवि डॉक्टर सुरेंद्र कुमार शर्मा को उनकी साहित्यिक उपलब्धियां के लिए 'के एल दीवान साहित्य साधक सम्मान 2025', चांदपुर (बिजनौर) से पधारे हिंदी साहित्य साधक लेखक एवं योग साधक डॉक्टर खूब सिंह को उनकी कृति 'यौगिक प्राणायाम मीमांसा' हेतु 'हिंदी साहित्य साधक सम्मान 2025', राजा का ताजपुर (बिजनौर) से पधारी वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवयित्री रमा त्यागी 'एकाकी' को उनके काव्य संग्रह 'अभिव्यक्ति के पंख' हेतु 'दीपशिखा सारस्वत सम्मान 2025', ग्राम शादीपुर (बिजनौर) से पधारे वरिष्ठ साहित्यकार पत्रकार एवं कवि विवेक गुप्ता को उनकी काव्य विधा के लिए 'मां शारदे वरदहस्त सम्मान 2025', तथा द्विवेदी युगीन प्रख्यात हिंदी समालोचक एवं साहित्यकार पंडित पद्मसिंह शर्मा के प्रपौत्र एवं युवा कवि नायक नगला (बिजनौर) निवासी वरुण कुमार त्यागी को उनकी श्रेष्ठ 10 कविताओं की प्रशंसा में 'उदीयमान प्रतिभा सम्मान 2025', से सम्मानित किया गया। यह सम्मान दीपशिखा मंच की अध्यक्ष डॉ. मीरा भारद्वाज, उपाध्यक्ष उमेश शर्मा, संस्था सचिव डॉक्टर सुशील कुमार त्यागी अमित द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। इस अवसर पर साहित्य साधकों को माला, दुशाला, प्रतीक चिन्ह एवं साहित्य भेंट कर सम्मानित किया गया। द्वितीय चरण में कवि गोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें डॉक्टर सुरेंद्र शर्मा, डॉक्टर खूब सिंह, रमा त्यागी 'एकाकी', विवेक गुप्ता, वरुण कुमार त्यागी, डॉ. वाजश्रवा आर्य, डॉ. मीरा भारद्वाज, डॉक्टर सुशील कुमार त्यागी, डॉ. विजय कुमार त्यागी, वृंदा शर्मा, स्वामी मेधानन्द सरस्वती, संजय भारद्वाज, अरुण पाठक, शिविजय त्यागी, शशि रंजन समदर्शी, डॉक्टर निशा शर्मा, सुमन भारद्वाज, सभ्यताआर्या, अनिल दीवान, तुषारकांत पांडे, साधुराम पल्लव, आशा साहनी, रेखा सिंघल, राजकुमारी राजेश्वरी, दीनदयाल दीक्षित, डॉक्टर अशोक गिरि, वृंदा, अपराजिता, सुंदर चौधरी, डॉक्टर बबलु वेदालंकार, डॉक्टर एन,पी सिंह, संजय वर्मा, उमा त्यागी, सत्यभामा शर्मा आदि ने सरस काव्य पाठ किया।

# नगर के फुटपाथ हो गये रेहड़ी-ठेले वालों के हवाले
# सड़कों के बीच चलने पर मजबूर हैं पैदल चलने वाले

## अतिक्रमण हटाने के नाम पर खानापूर्ति से व्यापारी व जनता परेशान



**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के बीच से गुजर रहे हरिद्वार-काशीपुर हाईवे पर फुटपाथ तो बना है, लेकिन अतिक्रमण के कारण यह दिखता ही नहीं है। इसके अलावा नूरपुर मार्ग पर रेलवे माल गोदाम से लेकर शुगर मिल के तिराहे तक बने फुटपाथ पर भी फल विक्रेताओं और रेहड़ी वालों ने अस्थायी अतिक्रमण कर रखा है। इस स्थिति में गन्ना पेराई सत्र के शुरू होने पर जब इस रोड से ट्रक, ट्रैक्टर ट्राली, ट्रिपल आदि गुजरते हैं, तब दुर्घटना होने की संभावना ज्यादा बढ़ जाती है। नगर में मुख्य बाजार के अलावा नगीना चौराहा, सुभाष चौक, आरएसएम तिराहा, कालागढ़ मार्ग पर पुराना धामपुर चुंगी व शेरकोट चुंगी, बड़ी मंडी मुख्य स्थान हैं। आसपास के कस्बों शेरकोट, स्योहारा, नहटौर, रेहड़ व अफजलगढ़ आदि के लोग भी यहां खरीदारी करने आते हैं। नगर के बीच से गुजर रहे हरिद्वार-काशीपुर नेशनल हाईवे के किनारे कई कालोनियां जैसे नई सराय, नई बस्ती, टीचर्स कालोनी, इंदिरा नगर, शक्ति नगर बसे हुए हैं। इसी रोड पर सबसे अधिक अस्पताल और कम्पनियों के शोरूम हैं। लेकिन सड़क किनारे अधिकांश स्थानों पर रेहड़ी-पटरी व फल-सब्जी के ठेले वालों का कब्जा है। कुछ स्थानों पर दुकानदारों ने कई फीट आगे तक सामान निकाल कर सड़क पर रख रखा है।

नूरपुर-धामपुर मार्ग पर रेलवे माल गोदाम से शुगर मिल तिराहा तक और कालागढ़ मार्ग पर इंदिरा नगर, टीचर्स कालोनी, पुराना धामपुर चुंगी, नगीना चौराहा पर सबसे अधिक स्थिति खराब है। यहां दोनों ओर पांच से छह फीट के फुटपाथ तो बने हुए हैं, लेकिन फुटपाथ पूरी तरह घिरा रहता है। कालागढ़ मार्ग पर टीचर्स कालोनी व इंदिरा नगर में सभी बड़े अस्पताल हैं। इसके अलावा धामपुर-नगीना मार्ग पर भी नर्सिंग होम बने हुए हैं। इन अस्पतालों के पास मरीज के वाहनों को खड़े करने के लिए पार्किंग ही नहीं है। सभी वाहन हाईवे किनारे फुटपाथ पर खड़े रहते हैं। इसके अलावा इंदिरा नगर के बाहर मिट्टी के बर्तन बनाने वालों, फल-सब्जी के ठेले व रेहड़ी वालों ने फुटपाथ पूरी तरह घेर रखा है, जिससे पैदल चलने वालों को हाईवे पर ही चलना पड़ता है। यही हाल पुराना धामपुर चुंगी व नगीना चौराहा का है। जबकि नगीना चौराहा नगर के व्यस्ततम चौराहा में है, यहीं पर कोतवाली व कुछ दूरी पर एएसपी पूर्वी कार्यालय भी है।

जिला स्तरीय पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्थानीय पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी यहीं से गुजरते हैं, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं जाता है। हालांकि नगर पालिका प्रशासन कई बार यहां अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाता है, लेकिन यह अभियान खानापूर्ति साबित होता है। यातायात सुरक्षा माह चल रहा है इसके बावजूद नगर के मुख्य मार्ग पर यातायात को सुचारु करने की कोई व्यवस्था नहीं है।

### " स्थायी समाधान होना चाहिए

**व्यापारी अजय कुमार का कहना है कि इंदिरा नगर में दुकानों के बाहर हाईवे किनारे तक मिट्टी के बर्तन व सामान बेचने वालों ने स्थान घेर रखा है। कई बार नगर पालिका से शिकायत भी की गई है, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। दुकान के सामने से ठेले वालों से सामान हटाने को कहते हैं तो वह झगड़ा करते हैं, समस्या का स्थायी समाधान होना चाहिए।**

### " ईओ का कहना है..

**नगीना चौराहा, पुराने धामपुर चुंगी व अन्य स्थानों पर समय-समय पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाता है। इसी के साथ सभी को चेतावनी देकर जुर्माना भी वसूला गया है। जल्द ही अभियान चलाकर नागरिकों की समस्या का समाधान कराया जाएगा। -रवि शंकर शुक्ला, ईओ, नगर पालिका धामपुर।**

# बिजनौर के युवा खेलों में कर रहे उत्कृष्ट प्रदर्शन : मौसम

## जिला ताईक्वांडो चैम्पियनशिप में इम्पीरियल स्कूल ने पाया पहला स्थान



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला ताईक्वाण्डो एसोसिएशन बिजनौर एवं जिला खेल कार्यालय बिजनौर के संयुक्त तत्वावधान में 17वीं बिजनौर जिला ताईक्वाण्डो चैम्पियनशिप का आयोजन नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया।

मुख्य अतिथि भाजपा नेता ऐश्वर्या मौसम चौधरी ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि बिजनौर के युवा खेलों में अनुशासन और प्रतिभा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। जिला स्तर पर इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ाती हैं, बल्कि उन्हें अनुशासन, आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना से भी ओत-प्रोत करती हैं।

उन्होंने कहा कि बिजनौर विधानसभा क्षेत्र के जो भी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करेंगे, उनकी ओर से 51,000/- का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

जिला क्रीड़ाधिकारी राजकुमार ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं जनपद के खिलाड़ियों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती हैं। समापन अवसर पर जिला क्रीड़ाधिकारी द्वारा विजेताओं को पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर राजू राजपूत, सचिव जिला ताईक्वाण्डो एसोसिएशन बिजनौर, हिमांशु सहायक जिला खेल कार्यालय बिजनौर, नईम (बॉडी बिल्डर), चमन सैनी, लव अग्रवाल, नसीम अहमद, वंशिका चौहान एवं मौ. आरिफ, जीवन सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता परिणाम में प्रथम स्थान-इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल नजीबाबाद, द्वितीय स्थान-सेल्यूट ताईक्वाण्डो एकेडमी अफजलगढ़ तथा तृतीय स्थान-नहटौर ताईक्वाण्डो स्पोर्ट्स एकेडमी, नहटौर ने प्राप्त किया।

# गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर चांदपुर में निकला भव्य नगर कीर्तन






**चांदपुर ( चिंगारी )। गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा चांदपुर के तत्वावधान में गुरु नानक देव जी का 556वां जन्मदिन श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में भव्य नगर कीर्तन निकाला गया।**

सर्वप्रथम नगर के धनौरा रोड स्थित गुरुद्वारा में रागी जत्थे में शामिल सुखप्रीत सिंह, दिलजीत सिंह, मनजोत सिंह, भिलाई गुरुद्वारा के हेडग्रंथी ज्ञानी भाई गुरुमुख सिंह, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के क्षेत्रीय धर्म प्रचारक बूटा सिंह व भाई परमजीत सिंह ने गुरबाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। इस अवसर पर विशाल लंगर का भी आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। बाद में नगर में विशाल नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन नगर के मुख्य बाजार से होता हुआ सरगम सिनेमा, स्याऊ, देवी मंदिर, बिजनौर रोड होते हुए पुनः गुरुद्वारे पर पहुंचकर सम्पन्न हुआ। नगर कीर्तन में शामिल महिलाएं सड़क की सफाई करती हुई चल रही थीं। नगर कीर्तन में दो बैंड के साथ-साथ युवाओं ने अपने हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को रोमांचित कर दिया।

नगर कीर्तन में गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान अच्छन सिंह लोहिया, जनरल सेक्रेटरी रिंकी सिंह पौथीवाल, पपेन्द्र सिंह बडगूजरा, गुरू ज्ञान सिंह पौथीवाल, प्रभुदयाल सिंह पौथीवाल, सुरजीत सिंह भाटिया, विक्की सिंह पौथीवाल, जशपाल सिंह चड्ढा, त्रिवेन्द्र सिंह जैकी, सतवेन्द्र सिंह दीपक, भूपेन्द्र सिंह मुन्ना, गुरनाम सिंह सोनू, रॉकी भाई, महिपाल सिंह शेरु, गुरूप्रीत सिंह मोन्टी, भवानी सिंह दिगवा, गुरूचरन सिंह दिगवा, मा. हरजीत सिंह, हैपी सिंह, गुरू पर्व, अजीत कौर, सतनाम कौर, गुनी कौर, गुरमीत कौर, जसवंत कौर, गुरूदत्त कौर, मनजीत कौर व बलविंदर कौर सहित बड़ी संख्या में सिख समाज की महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# शेरी नशिस्त में याद किये गये बाबू सिंह चौहान



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** श्रद्धेय बाबू सिंह चौहान द्वारा स्थापित सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं सालगिरह एवं वरिष्ठ पत्रकार एसएम असलम की पत्रकारिता के 30 साल मुकम्मल होने पर बज्म-ए-अदब की जानिब से कासमपुर गढ़ी स्थित बिजनौर टाइम्स ग्रुप कार्यालय पर शेरी नशिस्त का आयोजन किया गया। हाफिज अय्यूब अहमद की सदारत व महबूब अली महबूब की निजामत में हुई इस शेरी नशिस्त में हकीम मौलवी मौ. इस्माईल कासमी अफजलगढ़ी बतौर मुख्य अतिथि व युवा नेता मौ. शाद बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। नशिस्त के कन्वीनर कामिल खान कामिल ने सभी मेहमानों व शायरों का जोरदार खैरमकदम किया। प्रोग्राम को खासतौर से खिताब करते हुए हकीम मौलवी मौ. इस्माईल कासमी ने चिंगारी अखबार की निष्पक्ष व निडर लेखनी, बाबू सिंह चौहान की मिशनरी पत्रकारिता और चंद्रमणि रघुवंशी व सूर्यमणि रघुवंशी के मार्गदर्शन में एसएम असलम की बेबाक रिपोर्टिंग की जमकर प्रशंसा की। महशर अली महशर की नातेपाक से नशिस्त में शायरी का आगाज हुआ, जिसमें शायरों ने उम्दा कलाम पेश किए। शमीम अहमद गुल ने कहा कि-वो हमसे रूठ बैठे हैं सबब क्या है खुदा जाने, शमा जलती रही शब भर मगर आए न परवाने। महबूब अली महबूब ने कुछ यूं कहा- मत छेड़ मोहब्बत के नगमात अंधेरे में, काबू में नहीं रहते जज्बात अंधेरे में। कामिल खान कामिल ने मां-बाप की दुआओं पर तवज्जो देते हुए कहा कि-जिंदगी के हर कदम पर सुर्खरू होंगे वही, जिसको भी मां-बाप की हासिल दुआएं हो गईं। एस.एम. असलम ने समाज की सच्चाई को कुछ यूं बयां किया- मैंने सच बोलकर दुश्मन बना लिए कितने, वो झूठ बोलकर सबका चहेता हो गया। महशर अली महशर ने कहा- दरीचे वफाओं के खोले हुए हैं, किसी दिन तो वादा वफा कीजिएगा। प्रोग्राम में सिराजुल हक ठेकेदार, गुलफाम अंसारी, शमशाद अहमद, शकील अहमद, दिलशाद सलमानी व शेख हसीब अहमद आदि की मौजूदगी काबिल-ए-गौर रही।

# मां-बेटे ने ज़हर खाया, मां की मौत

## बेटे की हालत सीरियस, अस्पताल में भर्ती





मंडावर (चिंगारी)। थाना क्षेत्र के ग्राम मोहंडिया में एक महिला और उसके सात वर्षीय बेटे ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान मां की मृत्यु हो गई जबकि बेटे का निजी अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार गांव मोहंडिया निवासी लक्ष्मी (25 वर्ष) पत्नी मोनू ने अपने बेटे वासु (7 7 वर्ष) के साथ जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मां-बेटे को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान मां की मृत्यु हो गई और बेटे का उपचार किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इसके पीछे गृह क्लेश के चलते मां लक्ष्मी ने ये कदम उठाया है। वहीं मृतका के पति मोनू की लगभग आठ महीने पहले पारिवारिक विवाद के चलते जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई थी। लक्ष्मी अपने सास-ससुर और तीन बच्चों के साथ रह रही थी। हालांकि, इस मामले में कोई भी ग्रामीण या परिजन खुलकर बोलने को तैयार नहीं है। मंडावर थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि घरेलू कलह के कारण एक महिला और उसके सात वर्षीय बच्चे ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया था जिसमें उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान मां की मृत्यु हो गई। बेटे का उपचार कराया जा रहा है। मामले में अभी कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर आती है तो आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## आम सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स आर. के. मोटर्स एंड जनरल फाईनेन्स रामकली भवन तहसील रोड नजीबाबाद जिला बिजनौर उ.प्र. में दिनांक 04.02.2009 में दो पार्टनर्स 1-श्रीमती चांद गुप्ता पत्नि श्री नरेश चन्द गुप्ता निवासी कोटद्वार रोड नजीबाबाद तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर उ.प्र.। 2-श्री सचिन गुप्ता पुत्र श्री नरेश चन्द गुप्ता निवासी कोटद्वार रोड नजीबाबाद जिला बिजनौर उ.प्र. थे। अब दिनांक 06.10.2025 से श्रीमती शैफाली गुप्ता पत्नी श्री सचिन गुप्ता निवासी कोटद्वार रोड नजीबाबाद जिला बिजनौर उ.प्र. उक्त मैसर्स आर.के. मोटर एण्ड जनरल फाइनेंस, रामकली भवन तहसील रोड नजीबाबाद जिला बिजनौर उ.प्र. में पार्टनर सम्मिलित हुई है एवं पार्टनर श्रीमती चांद गुप्ता पत्नी श्री नरेश चन्द गुप्ता निवासी कोटद्वार रोड नजीबाबाद तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर उ.प्र. फर्म उपरोक्त से स्वेच्छा से निवृत्त (रिटायर) हो गयी है। अब इस फर्म में श्री सचिन गुप्ता पुत्र श्री नरेश चन्द गुप्ता निवासी कोटद्वार रोड नजीबाबाद जिला बिजनौर उ.प्र. (पार्टनर नं. 1) व श्रीमती शैफाली गुप्ता पत्नी श्री सचिन गुप्ता निवासी कोटद्वार रोड नजीबाबाद बिजनौर उ.प्र. (पार्टनर नं. 1) व श्रीमती शैफाली गुप्ता पत्नी श्री सचिन गुप्ता निवासी कोटद्वार रोड नजीबाबाद बिजनौर उ.प्र. (पार्टनर नं. 2) रह गये है। उक्त सूचना आम जानकारी एवं रिकार्ड वास्ते दे रहे है।

**सचिन गुप्ता पुत्र श्री नरेश चन्द गुप्ता**
**निवासी कोटद्वार रोड, नजीबाबाद जिला बिजनौर उ.प्र.**
**(भागीदार)**
**मैसर्स आर. के. मोटर एण्ड जनरल फाइनेन्स**
**तहसील रोड नजीबाबाद।**

## सड़क दुर्घटनाओं में बाइक सवार की मौत, कई लोग घायल

नजीबाबाद (चिंगारी)। देर रात्रि अपने गांव वापस लौट रहे बाइक सवार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। नजीबाबाद थाना क्षेत्र के जलालाबाद आजाद चौक के निकट अचानक बिजनौर की ओर से आ रही बाइक सामने से आ रही स्कूटी में टकरा गई। जिसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की पहचान रवि पुत्र जयपाल (34वर्ष) निवासी ग्राम लाहकखुर्द थाना मंडावली के रूप में की। बताया जा रहा है कि युवक रात्रि 9 बजे के आसपास बिजनौर से अपने गांव लाहक खुर्द आ रहा था। इसी दौरान सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं रविवार की सुबह कोटद्वार मार्ग पर ग्राम चौगांवा के समीप एक कार व घोड़ा बुग्गी की जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम जालपुर निवासी 75 वर्षीय मोहम्मद आबिद अपनी घोड़ा बग्गी से गुड़ बेचकर वापस अपने गांव जलालपुर जा रहा था। इसी दौरान नजीबाबाद की ओर से आ रही कार से उसकी टक्कर हो गई। जिसमें घोड़ा बुग्गी चालक मोहम्मद आबिद गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे बिजनौर के लिए रेफर कर दिया।

## सीरतुन्नबी कॉम्पिटीशन में पाया दूसरा स्थान, मो. कैफ का हुआ सम्मान



अफ़ज़लगढ़ (चिंगारी)। एम.आई.ए. तहफीजुल कुरान हुसैनिया एण्ड इस्लामिक एकेडमी कासमपुर गढ़ी (मानियावाला) द्वारा आयोजित सीरत-उन-नबी कॉम्पिटीशन 2.25 में इलाही बख़्श पब्लिक स्कूल के कक्षा 8 के होन हार छात्र मो. कैफ द्वारा दूसरा स्थान प्राप्त करने पर इलाही बख़्श पब्लिक स्कूल में आयोजित एक समारोह में मौ. कैफ को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौ. कैफ की इस शानदार सफलता पर बधाई देकर उसके उज्वल भविष्य की कामना की है। इलाही बख़्श पब्लिक स्कूल में अयोजित सम्मान समारोह में मौ. कैफ को स्कूल के मैनेजर मुफ्ती मौ. इरफ़ान कासमी ने अपने स्कूल के होनहार छात्र मौ. कैफ द्वारा महत्वपूर्ण कॉम्पिटीशन में दूसरा मुकाम हासिम करने मौ. कैफ को मुबारक बाद देते हुए खुशी का इज़हार किया। स्कूल प्रबन्धन व स्टाफ की ओर से मौ. कैफ को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया। बाल्मिकी समाज के जिला प्रधान सत्य प्रकाश पवार वफ़ा सोशल ट्रस्ट के चैयरमैन इमरान वफ़ा, मां रमाबाई अम्बेडकर ट्रस्ट के संस्थापक सीताराम पिपलया एड., वरिष्ठ अधिवक्ता शेख मौ. यासिर, वरिष्ठ पत्रकार वेद पाल सिंह, रमेश चन्द सैनी एड., चौधरी योगेश कुमार एड., प्रमुख दलित नेता रमेश सिंह राहसिया, पूर्व भाजपा नगराध्यक्ष विपिन कर्णवाल आदि ने मौ. कैफ को मुबारकबाद पेश कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उल्लेखनीय है कि मौ. कैफ मोहल्ला गौहर अली खां निवासी शरीफ अहमद सिद्दीकी (ट्रांसपोर्टर) के सुपुत्र है।

## पेन्शनर्स की समस्याओं के संबंध में किया गया विचार-विमर्श



नजीबाबाद (चिंगारी)। राजस्व पेन्शनर वेलफेयर एसोसिएसन तहसील नजीबाबाद की एक बैठक ऋषिपाल सिंह की अध्यक्षता में समपन्न हुई। मीटिंग में एसोसिएसन के संरक्षक चन्द्रशेखर सेमवाल तहसील बिजनौर के अध्यक्ष, आफाका अहमद तथा संगठन के जिला मंत्री राकेश रामा ने भाग लिया। मिटिंग में पेन्शनर्स की समस्याओं अवशेष भुगतान के सम्बन्ध में विचार किया गया। तीन पेन्शनर साथी इसरार अहमद लेखपाल, राजू सिहं राजस्व निरीक्षक व सूरजभान अमीन की अवशेष धनराशि व धीर सिंह लेखपाल को तहसील बिजनौर कार्यालय पर अवशेष बिल की समस्याओं से अवगत कराया गया। उक्त साथियों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया तथा जिला कार्यकारिणी को अवगत कराकर सहयोग की अपेक्षा की गई। मिटिंग में उच्चाधिकारियों से मिलकर समस्याओं का अतिशीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। मिटिंग में बलराम राजवंगी, ब्रजनारायण, धर्मेन्द्र, सुरेश व्यागी, राजू सिंह, इसरार अहमद, परमानन्द अग्रवाल, खुशीराम, महावीर सिंह, आरके तथा शमीम अहमद आदि उपस्थित रहे। मीटिंग का संचालन बलराम राजवंशी (सचिव- तहसील नजीबाबाद) द्वारा किया गया।

## मंगलमय हो मिलन तुम्हारा

### रुद्रेश संग रितु



कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी अफजलगढ़ श्रीमती रीता देवी के सुपुत्र रूद्रेश गहलोत का विवाह उत्तराखंड राज्य के बाजपुर निवासी राकेश सिंह की सुपुत्री रितु चौहान के साथ उत्तराखंड के जसपुर में भव्य समारोह के बीच धूमधाम से संपन्न हुआ। इस पावन बेला पर अनेक अधिकारियों, कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं, मुख्य सेविकाओं, गणमान्य लोगों, सामाजिक व सियासी नेताओं, कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, शिक्षकों सहित वर-वधू पक्ष के परिजनों, मित्रों व संबंधियों आदि ने वैवाहिक कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रोग्राम की शोभा बढ़ाते हुए वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान किया। श्रीमती रीता देवी व उनके पति पुरुषोत्तम सिंह आदि ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत व आदर-सत्कार किया।

# स्योहारा में युवक की गोली मारकर हत्या, शव बाग़ में मिला



**स्योहारा ( चिंगारी )।** शनिवार की रात से घर से गायब युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। रविवार की दोपहर को शव आम के बाग में मिला तो हड़कंप मच गया। शव की पहचान सलमान पुत्र नफीस निवासी बुढेरन के रूप में हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव स्थल को क्राइम सीन टैप लगाकर सुरक्षित किया और फोरेंसिक जांच टीम को बुलाया और जांच हुई।

परिजनों के अनुसार, सलमान शनिवार रात लगभग आठ बजे से घर से लापता था। देर रात तक तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। रविवार सुबह ग्रामीणों ने आम के बाग में शव पड़ा देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मृतक की पांच माह पहले थाना नौगांवा जिला अमरोहा की रहने वाली एक लड़की से शादी हुई थी। सलमान तीन भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था।

अपर पुलिस अधीक्षक पुर्वी ने घटना स्थल पर पहुंच परिजनों से जानकारी ली और पुलिस को जल्द जांच कर घटना के खुलासे के लिए निर्देशित किया। फोरेंसिक जांच टीम ने घटना स्थल पर पहुंच जांच की और नमूने लिए, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृतक नशे का आदी भी था।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सिंह ने बताया है कि मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है जल्दी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# वसीम ने करके रक्तदान बचाई मरीज की जान



**चांदपुर ( चिंगारी )।** ग्राम जलीलपुर निवासी पत्रकार वसीम अहमद ने अस्पताल में भर्ती रोगी को रक्त देकर सराहनीय कार्य किया, जिसके लिए उनकी प्रशंसा हो रही है। जगमीत मैमोरियल हास्पिटल में ग्राम हुसैनपुर कला निवासी एक रोगी भर्ती है, जिसे ओ निगेटिव रक्त की आवश्यकता थी। युवा मानवधिकार परिषद के जिलाध्यक्ष शानू अग्रवाल ने इस बारे में पत्रकार वसीम अहमद को बताया, वसीम अहमद ने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए बीमार व्यक्ति को अपना रक्त देकर सराहनीय कार्य किया। वसीम अहमद 8वीं बार रक्तदान कर चुके हैं।

# रामलीला कमेटी ने हड्डी जांच शिविर लगाया डेढ़ सौ लोगों ने नि:शुल्क लाभ उठाया



डॉक्टर की टीम के साथ श्री रामलीला समिति के सदस्य।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** रविवार को श्री रामलीला कमेटी अफजलगढ़ के तत्वावधान में श्री रामलीला मैदान परिसर में केवीआर हॉस्पिटल काशीपुर के डॉक्टरों की टीम द्वारा नि:शुल्क हड्डी जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में मुख्य रूप से हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. वासिफ ने अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने मरीजों की एक्स-रे, कैल्शियम, बीपी, शुगर आदि जांच की और हड्डियों से संबंधित बीमारियों जैसे घुटनों का दर्द, पैरों व कुल्हों का दर्द, जोड़ों में अकड़न व अन्य समस्याओं के उपचार एवं बचाव संबंधी परामर्श दिये। शिविर में नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से करीब 150 लोगों ने पहुंचकर अपना उपचार कराया और नि:शुल्क जांच का लाभ उठाया। डॉ. वासिफ ने मरीजों को हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच की सलाह दी। श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि आमजन के स्वास्थ्य हित में इस प्रकार के नि:शुल्क चिकित्सा शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे। ताकि लोगों को बेहतर उपचार और जागरूकता एक ही स्थान पर मिल सके। इस दौरान शिविर में आए सभी मरीज को अस्पताल के माध्यम से दवाई नि:शुल्क दी गई। कैंप को सफल बनाने में डॉ. वासिफ, हरिश्चंद्र कर्णवाल, श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष पत्रकार नितिन दिनेश कौशिक, विकास जैन, शरद कर्णवाल, विश्वास शर्मा, शंकर सिंघल, तुलाराम सैनी, प्रियांक शर्मा, शाहरुख, अरशद, हैप्पी, जश्न, कीर्ति, रितु, स्नेहा, विजय शर्मा (बर्तन वाले), शिवानी कर्णवाल आदि का विशेष योगदान रहा।



शिविर में जांच करते डॉक्टर।

# आर्य समाज आनन्द धाम का वार्षिक महोत्सव सम्पन्न

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आर्य समाज आत्मानन्दधाम का 16 वां त्रिदिवसीय वार्षिक महोत्सव रविवार को यज्ञ, भजन व वेद प्रवचन के साथ सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर समापन सत्र में वेदश्री- आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी व नीरज आर्य के ब्रह्मत्व में बृहद् यज्ञ सम्पन्न हुआ। यज्ञ के यजमान आसन को अंकित कुमार धीमान-पूजा, रामनिवास- अमृता शास्त्री, अजय राणा-पंकज राणा, शिवम आर्य- रश्मि धीमान, सुनील कुमार शर्मा-शोभा, डाक्टर हरेन्द्र कुमार अहलावत-बबिता अहलावत, कपिल शर्मा, गौतम आर्य- गरिमा आर्या, राजेन्द्र सिंह-निशा ने सुशोभित किया। यज्ञ के उपरान्त आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी ने समापन सत्र को सम्बोधित किया कि यज्ञोपवीत को धारण करना विद्याध्ययन करने, यज्ञ करने व तीन ऋणों से मुक्त होने की प्रतिज्ञा लेने का संकल्प होता है।

## यज्ञोपवीत संकल्प सूत्र है- आचार्य विष्णु मित्र



उन्होंने कहा कि बालक जब विद्या ग्रहण करने का इच्छुक हो और पढ़ने में भी समर्थ हो जाये, तब उसका यज्ञोपवीत संस्कार करा देना चाहिये। यह संस्कार बालक को द्विज बनाने के लिये किया जाता है। जिस मनुष्य को दूसरा जन्म प्राप्त हो जाये उसे द्विज कहते हैं। पहला जन्म बालक को माता-पिता से प्राप्त होता है, तो दूसरा जन्म उसे आचार्य व विद्या से मिलता है। जिस सुन्दर काल में यह यज्ञोपवीत संस्कार सब स्थानों में प्रचलित था, उस समय में कोई भी मनुष्य अनपढ़ नहीं रह जाता था। यज्ञोपवीत हमारे यज्ञ अर्थात श्रेष्ठतम कर्म की ओर चल पड़ने का सूचक भी है। यज्ञोपवीत में तीन सूत्र होते हैं, वे सूत्र ऋषिऋण, पितृऋण व देवऋण को स्मरण कराते हुए हमें उन ऋणों से मुक्त होने के लिये किये गये संकल्प के सूचक भी हैं। जिस उपासक को ईश्वर का प्रत्यक्ष होने से आन्तरिक दर्शन होता है, वह महापुरुष ऋषि कहलाता है। ऐसे ऋषियों के बनाये हुए शास्त्रों का प्रतिदिन स्वाध्याय करना व उस स्वाध्याय से प्राप्त ज्ञान गंगा का आगे-आगे समाज में विस्तार करना यज्ञोपवीत के पहले सूत्र की प्रेरणा है। यज्ञोपवीत का दूसरा सूत्र माता-पिता आदि के द्वारा हम पर छोड़े गये पितृऋण की याद कराता है। तीसरा सूत्र यज्ञोपवीत को परमेश्वर देवता के ऋण को स्मरण कराता है। समारोह में डाक्टर हरेन्द्र कुमार अहलावत व उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य श्रीमती संगीता जैन के उद्बोधन हुए। महोत्सव में रूपचन्द आर्य, नीरज शर्मा, योगेश्वर आर्य, उषा आर्या, गायत्री शास्त्री, ऋत्रा आर्या व अतरसिंह आर्य के प्रेरक भजन हुए। समारोह का संचालन नीरज आर्य ने किया। महोत्सव में अमरीश आर्य, सन्दीप आर्य, दरोगा सूरज सिंह आर्य, मृदुल आर्य, विवेकशीला आर्या, संगीता आर्या, सुष्मिता आर्या, रेनू शर्मा इत्यादि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर करेंगे वोटर लिस्टों का सत्यापन

## बैठक में लिया गया निर्णय



**शेरकोट (चिंगारी)। भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में बूथ स्तर पर घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कराने का निर्णय लिया गया।**

रविवार की दोपहर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मोहल्ला समना सराय स्थित सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड, धामपुर सर्किल, शेरकोट के डायरेक्टर एवं सेक्टर संयोजक रणजीत सिंह दारा के आवास पर आहुत बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए शेरकोट मंडल महामंत्री शिवकुमार चौहान ने कहा कि नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण कार्य प्रारंभ हो चुका है। प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कराए, जिससे कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रह सके। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' की नीति पर कार्य कर रही है, कार्यकर्ता हर वर्ग को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभ पहुंचाये। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने शिवकुमार चौहान का भगवा गमछा पहनाकर स्वागत किया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सामूहिक रूप से जनजागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया। बैठक का संचालन आलोक बिड़ला ने किया और रणजीत सिंह दारा, रामनाथ सैनी, बलदेव सिंह, महेश कुमार, राहुल वाल्मीकि, नरेंद्र सैनी, रोहित चौहान, सुभाष सैनी, जगदीश सैनी, मोहन सिंह, रमेश कुमार, रवि कुमार, जयप्रकाश त्यागी आदि ने भाग लिया।

# नोएडा में सम्मानित हुए किरतपुर के डॉ. कौस्तुभ



## 'राष्ट्रीय गौरव सम्मान' से नवाज़ा गया

**किरतपुर (चिंगारी)।** अखिल भारतीय चिकित्सा संघ द्वारा आयोजित 'राष्ट्रीय होमियो श्री पुरस्कार 2025' का भव्य समारोह बकसन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. कौस्तुभ गोयल को उनके उत्कृष्ट क्लिनिकल प्रैक्टिस के लिए 'राष्ट्रीय गौरव सम्मान' से नवाज़ा गया।

पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विक गैफनी, डॉ. श्रीनिवास तिवारी, डॉ. एस.पी.एस. बख्शी, स्वामी दीपांकर, आचार्य श्री विवेक मुनी जी महाराज और डॉ. डी.सी. प्रजापति उपस्थित रहे। उन्होंने डॉ. गोयल को सम्मानित करते हुए उनके रोगियों के प्रति समर्पण और होम्योपैथी के क्षेत्र में नवाचारों की सराहना की।

डॉ. गोयल ने अपने संक्षिप्त भाषण में कहा, 'यह सम्मान मेरे सभी सहयोगियों और रोगियों की अनवरत समर्थन का फल है। मैं इस गौरव को आगे के शोध और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए समर्पित करूंगा।'

# दो बाइकों की भिड़ंत में महिला सहित दो घायल

**शेरकोट (चिंगारी)।** रविवार की शाम ठाकुरद्वारा क्षेत्र के ग्राम शरीफनगर निवासी विशाल कुमार अपनी बहन राधा देवी के साथ नगीना से वापस लौट रहे थे। जब वे शेरकोट स्थित सिंगाई की पुलिया के पास पहुंचे तो अचानक उनके सामने एक गाय आ गई। विशाल ने गाय से बचने के लिए जैसे ही बाइक के ब्रेक लगाए, इस बीच पीछे से आयी दूसरी बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे अनियंत्रित होकर दोनों बाइक पलट गई और राधा व दूसरी बाइक पर सवार अफजलगढ़ निवासी राजकुमार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर जमा हुए लोगों ने दोनों घायलों को उठाकर उपचार हेतु एक प्राइवेट अस्पताल में भेज दिया, जहां से उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया।

# के.एस. चिल्ड्रंस अकेडमी में हुई खो-खो प्रतियोगिता

## जल सदन ने शानदार प्रदर्शन कर जीत लिया मुकाबला



**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** के एस चिल्ड्रंस अकादमी में एक दिवसीय इंटर हाउस खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें सभी सदनों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का शुभ आरंभ के एस चिल्ड्रंस अकादमी के प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने फीता काटकर किया। पहला मुकाबला अग्नि सदन और पृथ्वी सदन के मध्य खेला गया, जिसमें पृथ्वी सदन ने 12/8 से मुकाबला अपने नाम किया। दूसरा मुकाबला वायु सदन और जल सदन के मध्य खेला गया, जिसमें जल सदन ने 17/15 से शानदार जीत प्राप्त की।

फाइनल मुकाबला पृथ्वी सदन और जल सदन के मध्य खेला गया, जिसमें जल सदन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 33/23 से मुकाबला जीत लिया। प्रतियोगिता में जल सदन प्रथम, पृथ्वी सदन द्वितीय स्थान पर रहा। जल सदन से अनिष्का, मोनिका, प्रियांशी, मनतशा, शहरीन, अंशिका, फरहीन, शिफा कशफ, मनीषा, खुशबू, अवनी, मदीहा ने शानदार प्रदर्शन किया। पृथ्वी सदन से आंचल, सांची, संध्या, अलीशा, सुहाना, जुबैरिया, इनाशा, इकरा, अलीशबा, आराध्य ने भी शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन खेल शिक्षिका खुशबू सोढी व कोमल चौधरी ने किया। प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने सभी खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया व खेल के प्रति सभी विद्यार्थियों को जागरूक किया।

# राज्य स्थापना की जयंती पर आंदोलनकारियों को सम्मानित किया

## भाजपा सरकार की नीतियों के विरोध में सांकेतिक धरना दिया



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती पर पूर्व कबीना मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत द्वारा त्रिवेणी घाट स्थित गांधी स्तम्भ पर राज्य की भाजपा सरकार की नीतियों एवं विकास की सुस्त रफ्तार के विरोध में सांकेतिक धरना दिया गया। तत्पश्चात राज्य आंदोलनकारियों का सम्मान किया गया एवं समय-समय पर राज्य में आई आपदाओं में होने वाले मृतकजनों की आत्मा की शांति एवं राज्य की खुशहाली हेतु गंगा आरती में सम्मिलित होकर मां गंगा से प्रार्थना की। इस मौके पर राज्य आंदोलनकारियों में पूर्व विधायक नरेंद्र नगर ओमगोपाल रावत, विमला रावत, चंदन सिंह पंवार, प्यारेलाल जुगरान, शेर सिंह रावत, वीरेंद्र सजवाण, युद्धवीर चौहान, रामेश्वरी चौहान, सरोजनी थपलियाल, रुकम पोखरियाल, राजेंद्र कोठारी, जीतेन्द्र रांगण, विनोद रतूड़ी, विक्रम भंडारी, विजेंद्र गौड़, राजेश शर्मा, प्रेम सिंह रावत, सत्यप्रसाद जखमोला, संतोष कुकरेती, महंत विनय सारस्वत, विजयलक्ष्मी पंवार आदि राज्य आंदोलनकारी सम्मानित किए गये। इस अवसर पर कांग्रेस से जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल, नगर अध्यक्ष राकेश सिंह, जयेंद्र रमोला, राकेश अग्रवाल, शैलेन्द्र बिष्ट, पार्षद देवेंद्र प्रजापति, मनीष शर्मा, राधा रमोला, भगवान सिंह पंवार, अभिनव मलिक, अरविंद जैन, प्रदीप जैन, सोहनलाल, ऋषि सिंघल, बृज भूषण बहुगुणा, विवेक तिवारी, सागर मनवाल, ललित मोहन, गौरव राणा, अशोक शर्मा, कमलेश शर्मा, हिमांशु जाटव, मानसी सती, हिमांशु कश्यप, आयुष तड़ियाल आदि महानगर कांग्रेस एवं यूथ और एनएसयूआई के सैकड़ो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही प्रदेश अध्यक्ष सो. मीडिया विकास नेगी, पूर्व प्रमुख वीरेंद्र कण्डारी, जिलाध्यक्ष देवप्रयाग उत्तम सिंह असवाल, प्रदीप राणा, विजेंद्र राणा, अनुराग पयाल, मानस रावत, नगर अध्यक्ष मुनि की रेती अनिल रावत, दिनेश सकलानी, दिनेश व्यास, नगर अध्यक्ष आदेश तोमर आदि उपस्थित थे।

# गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर खासपुरा में निकली भव्य शोभायात्रा



**खासपुरा ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक चौक खासपुरा के तत्वावधान में शनिवार को सिक्खों के प्रथम पातशाह जगतगुरु श्री गुरूनानक देव जी महाराज के 556 वें प्रकाश पर्व को समर्पित 95वां महान कीर्तन दरबार सजाया गया तथा पंज प्यारों की अगुवाई में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया।

शनिवार को सुबह गुरुद्वारा के लंगर हॉल में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की छत्रछाया में महान कीर्तन दरबार सजाया गया, जिसमें पंथ के विद्वान रागी भाई रमेंद्र सिंह व पवनदीप सिंह (समराले वाले) ने सतगुरु नानक प्रगटिया मिटी धुंध जग चानण होआ ज्योकर सूरज निकलया तारे छपे अंधेर पलौआ गुरुवाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। उन्होंने पाखंडवाद को समाप्त करने में सिख गुरुओं के अहम योगदान का जिक्र किया। इसके अलावा भाई बलजीत सिंह (यूएसए) एवं बीबी जसप्रीत कौर पटियाला ने मधुर गुरुवाणी कीर्तन से संगत का मन मोह लिया। समागम के दौरान गुरुघर के सेवकों के अजय सिंह राठौर मुम्बई, सुरेंद्र सिंह फलौदिया, आल इंडिया सिख प्रतिनिधि बोर्ड के प्रांत मीडिया प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार गुणवंत सिंह राठौर के साथ ही सपा के नूरपुर विधायक रामअवतार सिंह सैनी सरोपा व तलवार भेंटकर सम्मानित किया गया। कीर्तन समागम में दूर दराज सिंघ सभाओं से पहुंची संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेककर गुरुवाणी का सिमरन किया। अरदास उपरांत पंथ के प्रतीक श्री निशान साहिब व पंज प्यारों की छत्रछाया में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की विशाल भव्य शोभायात्रा व नगर कीर्तन का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा में श्री ननकाना साहिब से पहुंची सुगंधित फूलों से सजी विशेष बस में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी सुशोभित थी तथा गुरुघर के सेवक प्रसाद का वितरण कर रहे थे। इसके साथ ही गुरु नानक देव जी के जीवन से जुड़ी झांकियां आकर्षक रहीं। शोभायात्रा में महिलाएं और पुरुष सेवाभाव से मार्ग को पानी व झाड़ू से साफ करते चल रहे थे। समूचे समागम के आयोजन में कमेटी के संचालक राजपाल सिंह राजू, प्रधान चरनजीत सिंह, उपप्रधान महेंद्र सिंह सोनू, सेकेट्री महीपाल सिंह, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह नीटू,आडीटर हरचरण सिंह के जोगेंद्र सिंह, सतपाल सिंह सिनू, बलवेंदर सिंह बिन्नी, हरमनदर सिंह, जितेंद्र सिंह, गुरमीत सिंह मंजू, महावीर सिंह संगत का सहयोग रहा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ मुस्तैदी से तैनात रहे।





## गतका समूह ने दिखाये हैरतअंगेज करतब

**पंजाब से आए विशेष गतका समूह ने अपने हैरतअंगेज करतबों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आतिशबाजी का प्रदर्शन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं सिख समाज के लोग शोभायात्रा के दौरान गुरुवाणी का कीर्तन करते हुए चल रहे थे। इस भक्ति और श्रद्धा के माहौल में वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह के जयघोष से नगर गूंज उठा। जगह-जगह सिख समुदाय के लोगों ने पंच प्यारों का स्वागत फूलों की वर्षा और प्रसाद वितरण से किया।**

# कबड्डी टूर्नामेंट के फाइनल में मानपुर की टीम जीती

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम मायापुरी में आयोजित हुए 65 किग्रा भार तक के खिलाड़ियों के कबड्डी टूर्नामेंट के फाइनल मैच में मानपुर की टीम ने जीत हासिल की शनिवार की रात्रि तथा रविवार को दिन में टूर्नामेंट के मैच खेले गये। मानपुर की टीम ने सौफतपुर की टीम को हराकर तथा मायापुरी की टीम ने बाकरपुर की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। फाइनल मैच मानपुर और मायापुरी की टीमों के मध्य खेला गया। मानपुर की टीम ने मायापुरी की टीम को 20-18 से हराकर ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। विजेता मानपुर की टीम को 3100 रु. और शील्ड देकर तथा उपविजेता मायापुरी की टीम को 2100 रु. और शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। फाइनल मैच के रैफरी संजीव और अशीष रहे। बेस्ट रेडर का पुरस्कार मायापुरी के अर्पित और मानपुर के ब्रूस ली को संयुक्त रूप से दिया गया। तृतीय स्थान पर रही सौफतपुर की टीम को 1100 रु. और शील्ड तथा चौथे स्थान पर रही बाकरपुर की टीम को 551 रु. और शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया।

# भागवत बोले, हिंदू समाज की एकता से भारत बनेगा विश्व गुरु

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत ने संघ की 100 साल की यात्रा पर आयोजित दो-दिवसीय लेक्चर सीरीज न्यू होराइजन्स में संगठन के एकल मिशन को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि RSS का एकमात्र लक्ष्य पूरे हिंदू समाज को संगठित और मजबूत करना है, ताकि वह खुशहाल और मजबूत भारत का निर्माण कर सके, जो दुनिया को धर्म का ज्ञान देकर शांतिपूर्ण बनाए। RSS प्रमुख मोहन भागवत ने जोर देकर कहा कि संघ का एक ही विजन है। उन्होंने कहा, हम पूरे हिंदू समाज को एक करना, ऑर्गनाइज करना, उनमें खूबियां डालना चाहते हैं ताकि वे एक खुशहाल और मजबूत भारत बना सकें जो दुनिया को धर्म का ज्ञान दे ताकि दुनिया खुश, आनंदित और शांतिपूर्ण हो। हमारा एक ही विजन है, सिंगल विजन। उस विजन को पूरा करने के बाद, हम कुछ और नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा कि एक बार हिंदू समाज संगठित हो जाने के बाद, बाकी का काम संगठित समाज खुद करेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या मुसलमानों को आरएसएस में शामिल होने की अनुमति दी जाती है।



# पशु पालन से हो रहा मोह भंग

## दूध, दही के लिये होगी 'असली जंग'

**रूकन राजपूत**

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** वो दिन दूर नहीं जब गांव के लोगों को भी शुद्ध दूध, दही तथा दूध से बने अन्य उत्पादों के लिये तरसना पड़ेगा, क्योंकि लोगों का पशु पालन से तेजी से मोह भंग हो रहा है।

कभी गांवों में घर-घर बड़ी संख्या में पशु पाले जाते थे। किसान, मजदूर का पूरा परिवार पशुपालन के काम में जुटा रहता था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में परिस्थितियां तेजी से बदली हैं। घरों में पशुओं की संख्या में बड़ी तेजी से कमी आई है। जबकि 15 से 20 प्रतिशत किसानों ने पशु पालने ही बंद कर दिये हैं या उन्होंने केवल एक पशु पाल रखा है। 30 से 40 प्रतिशत मजदूर पशुपालन से दूर हो गये हैं। परिस्थितियों को देखकर लगता है कि वे दिन ज्यादा दूर नहीं हैं, जब गांव के लोग भी शुद्ध दूध, दही, मावा, पनीर को तरसेंगे। पशुपालन से मोह भंग होने के पशुपालकों द्वारा कई कारण बताये जाते हैं। एक तो पशुपालन के कार्य में सुबह सवेरे उठना पड़ता है और दिनभर लगे रहना पड़ता है। पशुपालन बेहद जिम्मेदारी भरा काम है। एक बार को व्यक्ति स्वयं भूखा रह सकता है, मगर पशु को समय पर चारा-पानी देना पड़ता है। इस कार्य में कभी कोई छुट्टी नहीं होती है। रिश्तेदारी में भी जाना हो तो काम करते-करते जाना पड़ता है और आते ही फिर काम में जुटना पड़ता है। पशुपालन माने गोबर उठाने का काम भी करना पड़ता है। पशु बार-बार गोबर करता है, तो उसे बार -बार उठाना पड़ता है। जो किसान ज्यादा पशु पालते हैं, वे गोबर उठाने के लिये महिला-पुरुष मजदूरों को रखते हैं, मगर अब ऐसे मजदूर मिलना मुश्किल हो गया है।

जबकि नई पीढ़ी गोबर उठाने से बच रही है। सुबह सवेरे उठने, गोबर उठाने और दिनभर के बेहद जिम्मेदारी भरे काम से बचने के लिये इस कार्य में नई पीढ़ी की रुचि बेहद कम हो गई है। दूसरे पशुपालन भी खेती की तरह मुनाफे (फायदे) का सौदा नहीं रह गया है। पशुपालन की मेहनत को देखा जाये, तो दूध के दाम आज भी बहुत कम हैं। इसलिये किसान, मजदूर अपने बच्चों को इस कार्य में लगाना नहीं चाहते हैं।



तीसरा बड़ा कारण ये है कि बंटते-बंटते घर छोटे हो गये हैं और घरों में ज्यादा पशु बांधने (पालने ) की जगह नहीं रह गयी है। चारे की व्यवस्था करना भी पशुपालन के लिये बहुत बड़ी समस्या है। ज्यादा पशुओं के लिये बहुत चारे की आवश्यकता होती है,जिसका इंतजाम करना बड़ा मुश्किल है। इसलिये किसानों ने पशुओं की संख्या काफी कम कर दी है। वहीं भूमिहीन पशुपालकों के लिये चारे की व्यवस्था और ज्यादा मुश्किल कार्य है। इन्हीं सब कारणों से पशुपालन से गांव के व्यक्तियों का भी मोह भंग होता जा रहा है।

## सरकार भी जिम्मेदार

पशुपालन से होते मोह भंग के लिये सरकार की उपेक्षा भी जिम्मेदार है। सरकार पशुपालकों को प्रोत्साहित करने के लिये सब्सिडी दे, तो शायद हालात बदल सकें। पशुपालन विभाग केवल पशुओं पर ऋण देने की योजना चलाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेता है। प्रचार-प्रसार के अभाव में इन योजनाओं का लाभ भी अपात्र ही उठा ले जाते हैं। उधर, पशुओं का इलाज कराना काफी महंगा होता है। राजकीय पशु चिकित्सालयों में चिकित्सकों का भारी कमी है। पशु चिकित्सालय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के हवाले हैं। पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध नहीं हैं।

## शर्त ऐसी कि सब्सिडी मिलना बेहद मुश्किल

देशी नस्ल की दुधारू गायों पर प्रदेश सरकार ने सब्सिडी की योजना संचालित कर रखी है, मगर उसमें शर्त ऐसी लगायी गयी है कि योजना का लाभ मिलना बेहद मुश्किल है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ( सीवीओ) लोकेश अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में मा. मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक योजना संचालित है। इस योजना में देशी नस्ल की उन गायों पर 10 से 15 हजार रूपये की सब्सिडी मिलती है, जो 10 लीटर से ज्यादा दूध देती हों। देशी नस्ल की गाय के ब्याहने के बाद 45 दिन के अंदर नंद बाबा दूध मिशन वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होता है। गाय का बीमा होना भी अनिवार्य है। पशुपालन विभाग मौके पर पहुंचकर गाय द्वारा दिये जाने वाले दूध की मात्रा की पुष्टि करता है। तब सब्सिडी मिलती है। सीवीओ ने बताया कि दुधारू भैंसों के लिये ऐसी कोई योजना नहीं है।

# पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल है नबी की सीरत : मुफ़्ती सलमान

## तहफ़ीजुल कुरआन में इनामात तकसीमी प्रोग्राम मुनअक़िद



इनामी तकसीमी प्रोग्राम में मौजूद उलेमा व अवाम।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** गत 19 अक्टूबर को मदरसा तहफीजुल कुरआन हुसैनिया बस स्टैंड कासमपुर गढ़ी में सीरतुन्नबी पर कराए गए तहरीरी कंपटीशन में पोजीशन याफ्ता बच्चों का इतवार की सुबह इनामी तकसीमी प्रोग्राम मुनअकिद किया गया। मदरसे के मोहतमिम कारी अली हुसैन की सरपरस्ती, मौलाना जियाउल हसन की जेर-ए-निगरानी, मौलाना मौ. याकूब कासमी की सदारत व मौलाना मौ. आजम की निजामत में हुए इस प्रोग्राम में मुफ्ती सलमान कासमी भागूवाला से बतौर चीफ गेस्ट तशरीफ लाए जबकि साबिक प्रधान अय्यूब अंसारी, मौलाना मुख्तार, मुफ्ती उवैस, मौलाना नसीम, डॉ. अल्ताफ हुसैन साबरी, मुफ्ती सनाउल्ला, कारी निजामुद्दीन, हाजी रईसुद्दीन, पत्रकार एसएम असलम, कामिल खान, मुफ्ती जुबैर, मौलाना आफताब व मुफ्ती सुहेल वगैरा बतौर मेहमान-ए-जी-वकार प्रोग्राम में मौजूद रहे। प्रोग्राम को खिताब करते हुए नौजवान आलिम-ए-दीन मुफ्ती सलमान कासमी ने जिंदगी में तालीम हासिल करने और नबी की सीरत पर अमल करने पर जोर दिया और कहा कि तालीम इंसान की जिंदगी का अहम हिस्सा है, जिसे हासिल करने की हमें हर मुमकिन कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने मौजूदा माहौल पर चर्चा करते हुए लोगों से अपने बच्चों पर खास निगरानी रखने पर भी तवज्जो दी और कहा कि नबी (सल्ल.) की सीरत पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल है। प्रोग्राम के आखिर में मदरसा कमेटी ने मौजूदा मेहमान-ए-किराम के दस्त-ए-मुबारक से कंपटीशन के पोजीशन याफ्ता बच्चों को सर्टिफिकेट व मेडल देकर एजाज से नवाजा।

# प्रशिक्षु अधिकारियों ने किया अमानगढ़ रेंज का भ्रमण



अमानगढ़ में मौजूद प्रशिक्षु अधिकारियों का दल।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** रविवार को उत्तराखंड के मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी से आए भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा और भारतीय वन सेवा के 30 प्रशिक्षु अधिकारियों के दल ने अमानगढ़ टाइगर रिज़र्व में भ्रमण कर जंगल सफारी का आनंद लिया।

जानकारी के मुताबिक दल का नेतृत्व ग्रुप लीडर सुरभि पाठक ने किया। अमानगढ़ वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर ने बताया कि प्रशिक्षुओं को वन क्षेत्र में मौजूद वन्यजीवों टाइगर, हाथियों के झुंड, चीतल, काकड़ आदि के दर्शन हुए, जिन्हें देखकर सभी प्रशिक्षु अधिकारी अभिभूत हो उठे। उन्होंने बताया कि वन विभाग की ओर से सभी प्रशिक्षुओं को अमानगढ़ टाइगर रिज़र्व की विशेषताओं, यहां की जैव विविधता, वन्यजीव संरक्षण के प्रयासों तथा प्राकृतिक वनस्पतियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। तीस सदस्यीय दल में साक्षी नागर, ऋषभ मित्तल, कार्तिक कंसल, माधवन गुप्ता, प्रियंका राठौर, मनु गर्ग सहित अन्य प्रशिक्षु शामिल रहे। इस अवसर पर वन दरोगा रवि कुमार, थानाध्यक्ष रेहड़ विजेंद्र सिंह राठी, उपनिरीक्षक सोनू अधाना, कुलदीप सिंह, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# छात्र के साथ अमानवीय व्यवहार करने वालों पर सख़्त कार्यवाही की मांग

**धामपुर ( चिंगारी )।** सनातन संघर्ष समिति की एक बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष विपिन कुमार चौहान के आवस ग्राम सेढा मे किया गया। बैठक मे 08 नवम्बर को डीएवी कॉलेज बागपत जिले मे भडल निवासी बीए द्वितीय वर्ष के छात्र उज्वल राणा को 5000/- रूपये की फीस के लिये प्रधानाचार्य द्वारा पीटे जाने की कड़े शब्दों में निंदा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि प्रधानाचार्य के उत्पीड़न के बाद पुलिस ने भी उसके साथ अभ्रद्रता की इससे क्षुब्ध होकर छात्र ने कॉलेज में पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा ली। गम्भीर हालत मे छात्र को दिल्ली ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई, वक्ताओं ने कहा कि सनातन संघर्ष समिति इस घटना की कडे शब्दों में निन्दा करती है तथा आरोपी प्रधानाचार्य व पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही किये जाने की प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग करती है। वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षित करना संवैधानिक अधिकार है परंतु कॉलेज प्रशासन ने छात्र के साथ अमानवीय व्यवहार करके उसे आत्महत्या करने के लिए मजबूर कर दिया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष ठाकुर आलोक कुमार ने की तथा संचालन जिलाध्यक्ष विपिन कुमार चौहान एडवोकेट ने किया। बैठक में वीरेन्द्र कुमार, रक्षित कुमार, यशवीर सिंह सिसौदिया,चार्ली कुमार चौहान, अमरीश चौहान, हरफूल सिंह कश्यप, यशवीर सिंह, तेजवीर सिंह, लोकेन्द्र सिंह आदि उपसथित रहे।



ताइक्कांडो चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते खेल प्रेमी।

# जीतकर लौटे खिलाड़ियों का स्वागत किया

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** गत दिवस बिजनौर स्थित नेहरू स्टेडियम में 17वीं जिला ताइक्कांडो चैंपियनशिप के आयोजन में सेल्यूट ताइक्कांडो एकेडमी अफजलगढ़ के 39 बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सफलता प्राप्त की। जिले में दूसरे स्थान पर आए सेल्यूट ताइक्कांडो एकेडमी के साहसी बाल खिलाड़ी 18 गोल्ड, 08 सिल्वर व 13 ब्रॉन्ज मेडल लेकर लौटे जिनका देर शाम अफजलगढ़ पहुंचने पर उनकी प्रतीक्षा में खड़े उनके अभिभावकों एवं तमाम खेल प्रेमियों ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया और उनके कोच मौ. आरिफ को भी फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया।

# एम्स में हृदय रोगों के इलाज में नई तकनीक अपनाने पर बल दिया

## विशेषज्ञ चिकित्सकों की व्याख्यानमाला आयोजित



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में आयोजित यूकेसीएसआई के सम्मेलन में हृदय रोगों के इलाज में नवीनतम तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया गया। इस दौरान साईंटिफिक एजेन्डे के तहत विभिन्न सत्रों में कार्डियोलॉजी की बारीकियों, समस्याओं और उनके सरलतम निदान पर विभिन्न कार्डियोलॉजिस्ट विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा व्याख्यान दिये गये। कार्डियोलॉजिस्ट सोसाईटी आफ इन्डिया, उत्तराखण्ड चैप्टर यू.के.सी.एस.आई. के राष्ट्रीय सम्मेलन दूसरे दिन देशभर से आए कार्डियोलॉजिटों ने हृदय रोगों की जटिलताओं और उनके इलाज पर व्यापक चर्चा कर इलाज की आधुनिक व नयी तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया। एम्स ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश से आए विशेषज्ञों ने कहा कि तेजी से बढ़ रहे हृदय रोगों के प्रति जागरूकता फैलाना और इसके प्रसार को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। चिंता व्यक्त की गयी कि वर्तमान दौर में युवा वर्ग भी हृदय रोग की चपेट में आने लगे हैं। आयोजन सचिव और एम्स ऋषिकेश के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. वरुण कुमार ने बताया कि हाल के वर्षों में कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में कई इंटरवेंशनल तकनीकें विकसित हुई है, जो गंभीर रोगों में भी समय पर सही इलाज देकर रोगियों को स्वस्थ कर सकती हैं। उल्लेखनीय है कि एम्स ऋषिकेश में यूकेसीएसआई उत्तराखण्ड चैप्टर का द्वितीय वार्षिक सम्मेलन आहूत किया गया। जिसमें डॉ. अम्बुज राय, डॉ. नागेन्द्र चौहान, डॉ.अमित चौरसिया, डॉ. रजनीश कपूर, डॉ. एस. रामाकृष्णन, डॉ. नागेश्वर राव, डॉ. ऋषि सेठी और डॉ. अरूण मोहन्ती आदि विशेषज्ञों ने हृदय रोगों और उनके निदान के बारे में विभिन्न विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किये।



# बाज़ू टूटे पक्षियों की करें मदद

**बाज़ुओं का टूट जाना पक्षियों को बहुत सदमा पहुंचाता है, ख़ासतौर पर जंगली पक्षियों को, जिनका जीना और मरना सिर्फ़ उनके उड़ने पर निर्भर करता है। अगर आपका ऐसे पक्षी से सामना होता है जिसका बाज़ू ज़ख़्मी हो चाहे वह पक्षी पालतू हो या जंगली, आपको फ़ौरन उसके हालात का अच्छे से आँकलन करना होगा। यह तय करने की कोशिश करें कि या उसको इलाज की ज़रूरत है। अगर हाँ, तो उसको बहुत सावधानी से किसी साफ़ कपड़े में लपेटें और उसको जूतों के डिबे के अंदर रखें। इस बात का ध्यान रखें कि उसको गर्मी पहुंचती रहे और वह बच्चों और पालतू जानवरों की पहुंच से दूर हो। फिर चिकित्सक से संपर्क करें या फिर किसी स्थानीय वन्य जीव संस्थान से संपर्क करके तय करें कि इसके साथ आगे या करना है।**



## पक्षी को पकड़ते समय दस्ताने पहनें

पक्षी को पकड़ते समय दस्ताने पहनें- पक्षियों के अंदर कई तरह की बीमारियाँ मौजूद हो सकती हैं, इसलिए ज़रूरी है कि पक्षियों से अपने आप को महफ़ूज़ रखा जाए, भले ही आप उनकी मदद करना चाहते हों। पक्षियों को दस्तानों के बग़ैर बिल्कुल भी ना पकड़ा जाए और उसके फ़ौरन बाद हाथों को अच्छे से धोया जाए। भले ही घायल पक्षी पालतू ही क्यों ना हो फिर भी दस्ताने ज़रूर पहनना चाहिएं, क्योंकि घायल पक्षी आप पर आक्रामक भी हो सकते हैं। पालतू पक्षी भी आपको काट सकता है अगर वह डरा और घबराया हुआ है। बाज़ू टूटे पक्षी की अपनी चोंच और नाखूनों से आप पर हमला करने की ज्यादा संभावना होती है।



दस्ताने अगर मोटे कपड़े के हों तो बहुत उचित रहेगा; जैसे बगीचे में इस्तेमाल होने वाले दस्ताने। यह आपको पक्षी के पंजे और चोंच से बचने में मदद करेंगे और पक्षी में मौजूद होने वाली बीमारियों से भी आप का बचाव करेंगे। अगर आपके पास दस्ताने नहीं हैं तो तोलिये की मदद से पक्षी को पकड़ें। अगर ज़ख़्मी पक्षी कोई बड़ी प्रजाति का शिकारी पक्षी है तो सबसे बेहतर यही रहेगा कि इसको खुद ना पकड़ा जाए, बल्कि स्थानीय वन्य जीव संरक्षण संस्थान या पक्षी पुनर्वास केंद्र से संपर्क किया जाए।

**पक्षी आपके चेहरे के क़रीब ना हो**

छोटे से छोटे पक्षी के भी नाख़ून और चोंच बहुत तेज़ होते हैं। इसलिए इनको जब भी पकड़ा जाए तो अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इनको चेहरे से दूर ही रखें। आपका

**ऐसे पक्षी को खाना और पानी देने से बचें**

ऐसे पक्षी को खाना और पानी देने से बचें- ज्यादातर घायल पक्षी डर की वजह से खाने और पानी से दूर ही रहते हैं। इसलिए आपको फ़ौरन उस पक्षी को खाना पानी देने के बजाय उसके इलाज के लिए जो ज़रूरी हो वह करना चाहिए। अगर आप घायल पक्षी को ज़बरदस्ती खाना-पानी देंगे तो वह दम घुट कर मर भी सकता है, इसलिए ऐसा बिल्कुल ना करें।

## घायल पक्षी की देखभाल

**पक्षी को तोलिये में लपेटें-** घायल पक्षी भले ही पालतू हों या जंगली, किसी चीज़ में लपेटे जाने पर अच्छा और सुरक्षित महसूस करते हैं। इस तरह वे शांत भी रहते हैं और फड़फड़ा कर खुद को ज़ख़्मी भी नहीं करते। पक्षी को तोलिये में लपेटते समय उसके बाज़ुओं का ध्यान रखें। बाज़ू को सही से शरीर पर उसकी जगह पर जमा दें और उसको ग़लत तरीके से ना मोड़ें और फिर उसको बहुत आराम से तोलिये में लपेट दें। पक्षी को जूते के डिब्बे में रखें- तोलिये को डिब्बे में बिछाएं ताकि पक्षी को आराम महसूस हो सके। फिर इस पर पक्षी को रख दें। डिब्बे को अच्छे से बंद करना ना भूलें, नहीं तो पक्षी उसमें से निकल सकता है और खुद को चोट पहुंचा सकता है। बड़े पक्षी को रखने के लिए आपको किसी बड़ी चीज़ की ज़रूरत होगी। आप बिल्लियों को ले जाने वाले पिंजरे या कार्ड बोर्ड का डिब्बा, इस काम के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इस बात का ख़ास ध्यान रखें कि जिस डिब्बे में आप पक्षी को रखते हैं उसमें पक्षी के सांस लेने के लिए छेद हों। पक्षी को कम से कम हिलाएं-ढुलाएं- पक्षी जिसका बाज़ू टूटा हुआ है या किसी और तरह की चोट है, उसको बहुत ज़रूरी होने पर ही हिलाना ढुलाना चाहिए भले ही वह पक्षी आपका पालतू क्यों ना हो। यह उसको और ज़ख़्मी होने से बचाएगा।



पक्षी को तोलिये की मदद से उठाएं और फिर उसमें लपेटें और इसको जूतों के डिब्बे में रखें। फिर इसकी बिल्कुल भी छेड़छाड़ ना करें, सिवाय बहुत ज़रूरी होने पर।

## गर्माहट पहुंचाने का इंतजाम करें

हो सकता है कि पक्षी को इन मुश्किल दिनों में गर्म रहने के लिए मदद की ज़रूरत हो। आप डिब्बे के अंदर एक गुनगुने पानी की बोतल भी रख सकते हैं जो इसको गर्मी पहुंचाने में मददगार होगी। इस बात का खास ध्यान रखें कि पानी की बोतल ऐसी जगह पर हो कि पक्षी गर्मी लगने पर इससे दूर हट सके। लेकिन जैसा कि हम जानते हैं, पक्षी घायल है और वह तोलिये में लिपटा हुआ है, यानी वह हिल नहीं सकता, ऐसे में आप पानी की बोतल को डिब्बे के दूसरे कोने में रखें और पक्षी को गर्मी लगने के लक्षण देखते रहें। अगर पक्षी हांफना शुरू कर दे तो फ़ौरन बोतल को हटा दें। आपको हर थोड़े समय के अंतराल पर डिब्बे को खोलकर देखना होगा कि कहीं पक्षी हाफ तो नहीं रहा।

## आगे की रणनीति...

आगे की रणनीति तय करते समय पक्षी को गर्म जगह पर रखें- जिस समय आप आगे की रणनीति के बारे में सोच विचार कर रहे हों तो ऐसे मौक़े पर आप पक्षी को किसी सुरक्षित जगह पर रखें, जो कि गर्म हो और वहां इसे किसी तरह की हानि ना पहुंच सके। इसको ऐसी जगह पर रखें जहां शांति और बहुत कम रोशनी हो ताकि पक्षी सुकून महसूस कर सके। पक्षी को बच्चों और जानवरों से दूर रखा जाए। जो इन पर हमला भी कर सकते हैं या अनजाने में नुक़सान भी पहुंचा सकते हैं।

## ज़ख़्मों की जांच करें

पक्षी की जांच करें और पता करें कि घाव किस तरह के और कितने गहरे हैं। अगर पक्षी घबराया हुआ है या बेहोश है इसका मतलब है कि बाज़ू टूटने के अलावा इसको और भी अंदरूनी चोटें आई हैं। लेकिन अगर पक्षी होश में हैं और झटपटा कर आपसे दूर भागने की कोशिश कर रहा है, तो यह एक अच्छा लक्षण है। देखें कि कहीं से खून तो नहीं निकल रहा और घाव देखें जिससे आपको इसकी हालत का अंदाज़ा हो सके। अगर आप देखें कि पक्षी का बाज़ू इस हद तक ज़ख़्मी है कि अब इसका सही होना नामुमकिन है या इसको कोई गहरी अंदरूनी चोटें लगी हैं तो ऐसे मौक़े पर पक्षी को इच्छा मृत्यु देना उचित होता है। अगर पक्षी को इच्छामृत्यु देना ज़रूरी हो तो आप इसे सहायता के लिए पशु चिकित्सक या वन्यजीव संस्थान ले जा सकते हैं।

**पक्षी को एक जगह से दूसरी जगह बहुत सावधानी से लेकर जाएं**

चाहे आप पक्षी को चिकित्सक के पास ले कर जा रहे हों या किसी संस्थान, आपको इसे ले जाते समय बहुत सावधानी बरतनी होगी। ध्यान रखें कि डिब्बा अच्छे से बंद हो, नहीं तो पक्षी रास्ते में ही निकल कर बाहर आ सकता है। कोशिश करें कि डिब्बे को कम से कम उठाया जाए। अगर आप कार चला रहे हैं तो पैसेंजर सीट के फर्श पर डिब्बे को रख दें। और अगर ना चला रहे हों तो इसको बिना हिलाए पकड़ कर बैठें।

## स्थानीय पशु चिकित्सक या पक्षी विशेषज्ञ से संपर्क करें

घायल पालतू पक्षी के लिए आप स्थानीय पक्षी चिकित्सक की सहायता ले सकते हैं। अगर आपको अंदाज़ा नहीं है कि घायल जंगली पक्षी के साथ क्या किया जाए इसके लिए भी आप स्थानीय पक्षी चिकित्सक से जानकारी ले सकते हैं।

## स्थानीय पक्षी रेस्क्यू करने वाली संस्था से संपर्क करें

अगर आपको कोई घायल पक्षी मिल जाए तो ऐसे मौक़े पर आप मदद के लिए किसी पक्षी रेस्क्यू करने वाली संस्था से संपर्क कर सकते हैं। आप अलग-अलग संस्थानों से संपर्क करके पक्षी के रखने के सुविधा के बारे में पूछ सकते हैं। आपको अलग-अलग संस्थानों से संपर्क करना होगा जब तक कि आपको पक्षी के लिए उचित जगह ना मिल जाए। ऐसे संस्थान ज्यादातर जनता के डोनेशन से चलते हैं तो अक्सर यहां फंडिंग, सप्लाई और जगह की कमी देखने को मिल सकती है। पक्षी को ऐसे रेस्क्यू संस्थान में लेकर जाएं जहां इनको इच्छामृत्यु नहीं दी जाती- अगर आप जांच में पाएं की पक्षी के घाव जानलेवा नही हैं तो हर रेस्क्यू संस्थान से उनकी इच्छा मृत्यु की नीतियों के बारे में पूछ लें। उनसे यह ज़रूर पूछ लें कि बाज़ू टूटे पक्षियों के बारे में आपकी क्या नीति है? बहुत से संस्थानों का मानना होता है कि बाज़ू टूटे पक्षी बिना उड़े कभी भी खुश नहीं रह सकते इसलिए इनको इच्छा मृत्यु दे देनी चाहिए। जबकि बहुत से संस्थानों का मानना होता है कि बाज़ू टूटे पक्षी भी स्वस्थ होने के बाद ख़ुशी से अपना जीवन जी सकते हैं। आप पक्षी के लिए इतनी मेहनत करने के बाद यह नही चाहेंगे कि आप जिस संस्था को इसे दें, वह इसको इच्छामृत्यु दे दे।

# नजीबाबाद में फिल्म स्टार बॉबी देओल की झलक पाने को उमड़ी भीड़

## हेयर कटिंग करने वाले युवक की शादी में आए थे





फिल्म स्टार बॉबी देओल को देखने व सेल्फी लेने के लिए उमड़ी भीड़।

नजीबाबाद (चिंगारी)। बॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म स्टार बॉबी देओल के मुम्बई से नजीबाबाद पहुंचने पर लोग उनकी एक झलक पाने के लिए उमड़ पड़े। वह नजीबाबाद अपने पर्सनल हेयर कटिंग करने वाले युवक के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए यहां आए थे। नगर के मौहल्ला पठानपुरा निवासी मौहम्मद शाहरूख पुत्र शकील मुम्बई में हेयर कटिंग का काम करता है। वह मुम्बई बॉलीवुड के फिल्म कलाकार बॉबी देओल की कटिंग भी करता है। शाहरूख ने अपनी शादी में फिल्म स्टार बॉबी देओल को आमंत्रित किया था। बॉबी देओल अपने पर्सनल हेयर कटिंग कारीगर शाहरूख की शादी के वलीमे में शिरकत करने के नगर के कान्हा होटल में पहुंचे। शादी में बॉबी देओल के शिरकत करने से चार चांद लग गये। बॉबी देओल को देखने व उनके साथ सेल्फी लेने के लिए शादी में युवकों की भीड़ जुट गई। बॉबी देओल के शादी में नजीबाबाद आने की विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से इस शादी की नजीबाबाद में काफी चर्चा हो रही है। इस मौके पर मोहम्मद इस्लाम चौधरी, मुकीम अहमद, मुस्तकीम अहमद, मोहम्मद सलीम कुरैशी, मोहम्मद इस्तखार कुरैशी, मौहम्मद कासिम, मौहम्मद तसलीम, मौहम्मद नदीम, मौहम्मद आदिल, मौहम्मद भूरा, मोहम्मद शमशाद आदि शामिल रहे।

# नगरपालिका की टीम ने 7 विकेट से मैच जीता



नजीबाबाद (चिंगारी)। क्रिकेट मैच का फाइनल मुकाबला पोस्ट ऑफिस व नगर पालिका की टीम के बीच खेला गया, जिसमें पोस्ट ऑफिस कप्तान अवधेश त्यागी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पोस्ट ऑफिस की टीम ने अपने सभी विकेट खोकर निर्धारित 20 ओवर में 115 रन बनाए। पोस्ट ऑफिस की ओर से 57 रन शुभम ने जोड़े, जवाब में नगर पालिका की टीम 11 ओवर में अपना लक्ष्य पूरा करते हुए 3 विकेट खोकर फाइनल मुकाबला जीत गई। 7 विकेट से नगर पालिका की टीम ने मैच जीत लिया। मैच अंपायर ऋषभ त्यागी व मोहम्मद फरहान खान रहे व मैन ऑफ द मैच नगर पालिका की टीम के मोहम्मद रियासत को दिया गया। रियासत ने अपनी टीम के लिए 23 रन बनाए तथा चार विकेट खोकर 15 रन देकर 6 विकेट भी लिए, उन्हें मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। इस मौके पर मोहम्मद अल्ताफ मोहम्मद, फैज, रियासत, वाणी अग्रवाल, विशाल चंद्र, संतोष, सौरभ, संजय अग्रवाल, निशांत, मोहम्मद अहसान, आलोक त्यागी, मोहम्मद फैजादी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम व ईओ अनूप रावत ने विजेता टीम को 21000 तथा उपविजेता टीम को 11000 तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# जमीयत उलेमा ने एसआईआर के बारे में समाज के लोगों को जागरूक किया



बैठक में एसआईआर के बारे में जानकारी देते शिक्षक दिलदार।

नजीबाबाद (चिंगारी)। जमीयत उलेमा नजीबाबाद की ओर से नगर के मौहल्ला पठानपुरा स्थित मदरसा अनवारूल उलूम में रविवार को एसआईआर के संबंध में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें मुस्लिम समाज के लोगों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे अभियान एसआईआर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जमीयत उलेमा के पदाधिकारी मौलाना मोहम्मद असलम कासमी ने समाज के सभी लोगों से 2027 की नई मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने के लिए बीएलओ से फॉर्म लेकर उन्हें भरकर पूरी जिम्मेदारी के साथ बीएलओ को जमा करने की अपील की। शिक्षक दिलदार अहमद ने बताया कि यह फॉर्म प्रत्येक व्यक्ति को चाहे उसका नाम 2003 की सूची में शामिल है या नहीं सभी को भरकर जमा करना जरूरी है। समाजसेवी काजी आसिफ मुत्तकी ने कहा कि वोट लोकतंत्र का मजबूत आधार है। हम सभी को अपने नाम नई वोटर सूची में शामिल होने के लिए जागरूक रहना चाहिए। साथ ही इस कार्य में जिन लोगों को जानकारी नहीं है उनके नाम भी सूची में शामिल कराने के लिए उन्हें जागरूक करना चाहिए। इस मौके पर मुफ्ती इसरार अहमद, मौलाना इम्तियाज अहमद, मौलाना रईस, मौलाना मौहम्मद अकरम, मौलाना मौहम्मद लियाकत, मुफ्ती मौहम्मद मुजाहिद, मुफ्ती इसरार उल हक, मौलाना मौहम्मद इरशाद, कारी मौहम्मद साजिद, मौलाना मुख्तार अहमद, चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम, हाजी वसीम अहमद, मौहम्मद आदिल शम्सी सहित मुस्लिम समाज के काफी लोग मौजूद रहे।

# सफाई मजदूरों के हितों की लड़ाई पूरी मजबूती के साथ लड़ेंगे: अरविंद सूद

## जिलाध्यक्ष व नगर अध्यक्ष का किया गया स्वागत



माल्यपर्ण कर स्वागत किये गये नवमनोनीत पदाधिकारी।

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ उ.प्र. का अरविंद सूद के जिलाध्यक्ष व पमित घाघट के नगर अध्यक्ष बनने पर उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। रविवार को शाम जलकल विभाग परिसर में सफाई मजदूर संघ की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अरविंद सूद ने बताया कि उनके संगठन ने उन्हें सफाई मजदूरों का हितैषी समझते हुए उन्हें संघ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। वह सफाई मजदूरों के हितों की लड़ाई पूरी मजबूती के साथ लड़ने का काम करेंगे। जिले की कई नगरपालिकाओं व नगर पंचायतों में जिस तरह से सफाई मजदूरों को साथ लेकर काम करना चाहिए इस तरह से काम नहीं किया जा रहा है। सफाई मजदूरों की समस्याओं को कई जगह सुना भी नहीं जा रहा है। उन्होंने सफाई मजदूरों से समान कार्य लेने मगर समान वेतन, मौसम के मुताबिक ठंडी व गर्म वर्दी, सफाई के पूरे उपकरण ना देने आदि के मामलों के हल की मांग की। उन्होंने बताया कि पहले डीएम सफाईकर्मियों व ईओ को बुलाकर मासिक मीटिंग करते थे, जिससे आंदोलन की नौबत नहीं आती थी। मगर अब इस तरह की मीटिंग नहीं की जा रही है। जिससे सफाई मजदूरों की समस्याओं का अम्बार लगता जा रहा है। काफी संख्या में सफाई मजदूरों की ऐसी समस्याएं है जो ईओ के स्तर पर हल हो सकती है, मगर सुनवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने सभी नगरपालिकाओं के ईओ से सफाई कर्मियों से हमदर्दी रखते हुए सरकार से मिलने वाली योजनाओं का उन्हें लाभ दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिस का जो हक है वह उसे मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि जनपद की 18 नगरपालिकाओं व नगर पंचायतों के सफाई मजदूरों के हकों की लड़ाई लड़ने के लिए नजीबाबाद से पमित घाघट, अफजलगढ आदेश पंवार, नगीना से संदीप टांक, धामपुर से संजीव, स्योहारा से प्रमोद कुमार व बिजनौर से राहुल को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने संघ की ओर से मीडियाकर्मियों का माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष नजीबाबाद पमित घाघट, महामंत्री विपिन कुमार, संगठन प्रधान राजेश चैनवाल, संरक्षक त्रिलोक चेनवाल, संगठन उपाध्यक्ष आदेश, नौरतू घाघट, पीतम घाघट, अरूण पवार, संदेश गोडियाल आदि मौजूद रहे।

# एमकेवीएन ग्रुप के स्कूलों में राज्य निर्माण की रजत जयंती मनाई रंगारंग कार्यक्रम हुये, खाद्य सामग्री की प्रदर्शनी लगाई



एमकेवीएन इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए तैयार नन्हें मुन्ने।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रविवार को एमकेवीएन एजुकेशनल ग्रुप के एमकेवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल कण्वघाटी, एमकेवीएन इंटरनेशनल स्कूल देवीरोड एवं एमकेवीएन स्कूल दुर्गापुरी में उत्तराखण्ड राज्य निर्माण की रजत जयंती के उपलक्ष्य में रैबार के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को प्रदेश की संस्कृति और रीति रिवाजों से जोड़ने और समझाने का प्रयास किया गया।

एमकेवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल कण्वघाटी में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध निदेशक प्रकाश चन्द्र कोठारी ने छात्र-छात्राओं को उत्तराखण्ड राज्य निर्माण हेतु विभिन्न आंदोलनों एवं राज्य आंदोलनकारियों के प्रयासों के विषय में बताते हुए कहा कि एक ओर जहां उत्तराखण्ड अपनी रजत जयंती मना रहा है वहीं दूसरी ओर उत्तराखण्ड के लोग अपनी बोली और संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। हमें एक सशक्त और मजबूत उत्तराखण्ड का निर्माण करने की आवश्यकता है। देवीरोड़ स्थित एमकेवीएन इंटरनेशनल स्कूल में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्तराखण्ड की संस्कृति को दिखाने का प्रयास किया। इस दौरान नन्हें मुन्नों ने गढ़वाली और कुमाऊँनी गीतों पर लोक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। दुर्गापुरी स्थित एमकेवीएन स्कूल में भी रैबार के अन्तर्गत विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय परिसर में उत्तराखण्ड से सम्बंधित विभिन्न घरेलु, कृषि उपकरणों और खाद्य सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें फलों, पहाड़ी दालों, अरसा, बाल मिठाई, भड्डू, चाय की केतली व सिलबट्टा सहित विभिन्न आभूषणों को प्रदर्शित किया गया।

इस अवसर पर उपनिदेशिका सोनम पंत कोठारी, प्रधानाचार्या कविता रावत, ज्योति कुलाश्री, उपप्रधानाचार्या रेखा नेगी, पुष्पा केष्टवाल, ममता नेगी, अतुल बडोला, अशोक जखमोला और आकांक्षा अधिकारी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# श्री गुरु रामराय पैरा मेडिकल कॉलेज में विश्व रेडियोलॉजी दिवस मनाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत पदमपुर स्थित श्री गुरु राम राय पैरामेडिकल कालेज में शनिवार को विश्व रेडियोलोजी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ करते हुए कालेज प्राचार्य डा. गिरीश उनियाल ने कहा कि यह दिवस चिकित्सा क्षेत्र में सीटी स्कैन,अल्ट्रासाउंड, एमआरआई और एक्स-रे जैसी तकनीकों के योगदान को पहचान देने का अवसर है। साथ ही इस दिवस को मनाने का उद्देश्य चिकित्सा इमेजिंग के क्षेत्र में कार्यरत पेशेवरों के प्रति सम्मान प्रकट करने सहित आमजन को रेडियोलॉजी की महत्ता और उपयोगिता के प्रति जागरूक करना भी है। इसके बाद रेडियोलोजी से संबधित क्विज,पोस्टर, नाटक, रेडियोलोजी संगीत व नृत्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रणव राज बमराड़ा, शिवी शर्मा, अखिल रावत, नीरज सिंह और अंकित नेगी सहित कालेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# बीजीयू में रेडियोलॉजी के जनक को याद किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाबर स्थित भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय में विश्व रेडियोलॉजी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों को चिकित्सा के क्षेत्र में रेडियोलोजिस्ट के महत्व पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आरंभ प्रतिकुलपति प्रो. पी. एस. राणा , डॉ. के.सर्वानन व विभागाध्यक्ष श्वेता डोबरियाल द्वारा सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। वक्ताओं ने रेडियोलाजी के जनक विलहेम कोनरेड रोण्टजन को याद करते हुए कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में रेडियोलॉजिस्ट का बड़ा महत्व है। कार्यक्रम समन्वयक कु. फरहत वानी ने रेडियोलाजी दिवस के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर फार्मेसी प्राचार्य डॉ. के. सर्वानन, सहायक कुलसचिव अरुण कुमार, रूचि रावत, जितेन्द्र रावत व निहारिका रावत सहित विवि का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# एमवी कॉलेज में मनाया गया राज्य का स्थापना दिवस

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत पदमपुर मोटाढाक स्थित मालिनी वैली कॉलेजऑफ एजुकेशन में रविवार को उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन एवं प्राध्यापिका नूतन कुकरेती के निर्देशन में सरस्वती वंदना के गायन से हुई। इस अवसर पर कालेज अध्यक्ष योगम्बर सिंह ने कहा कि उत्तराखंड राज्य संघर्षों एवं वीरों के बलिदान के बाद अस्तित्व में आया। अब इसे उन्नति की राह पर ले जाना हम सबका दायित्व है। मुख्य अतिथि डॉ. मंजू कपरवाण ने उत्तराखंड राज्य को अस्तित्व में लाने के लिए किये गये आंदोलन की जानकारी दी। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने जीतू बगड़वाल पर आधारित लोक नाटक प्रस्तुत किया। प्राध्यापिका डॉ रुनुमी शर्मा द्वारा उत्तराखंड की संस्कृति के संरक्षण पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में कालेज की प्रभारी प्राचार्या डॉ. प्रभा जोशी व निदेशिका श्वेता रावत सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# 16 से मनाया जायेगा वैदिक यज्ञ प्रचार समिति का वार्षिकोत्सव

**धामपुर ( चिंगारी )।** वैदिक यज्ञ प्रचार समिति के 41 वें वार्षिकोत्सव पर टीचर्स कॉलोनी स्थित सत्यधाम धर्मशाला में पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

वैदिक यज्ञ प्रचार समिति के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल सिल्लू, मंत्री आलोक आर्य पिंटू व मुख्य संरक्षक डॉक्टर शलभ अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि 16 से 20 नवंबर तक प्रतिदिन प्रात: 8 से 11 बजे तक यज्ञ, भजन और वेदोंपदेश तथा मध्यान्ह तीन से शाम 6 बजे तक भजन एवं वेदोंपदेश होंगे। उन्होंने बताया कि आर्य जगत के यशस्वी विद्वान आचार्य पंडित वीरेंद्र शास्त्री एवं पंडित राजेश अमर प्रेमी वैदिक प्रवचन एवं भजन के माध्यम से वेदामृत का पान कराएंगे। उन्होंने सभी नगरवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध करते हुए बताया कि वैदिक यज्ञ प्रचार समिति, धामपुर नगर में पिछले 40 वर्षों से यज्ञ के माध्यम से वैदिक संस्कारों और विचारों का प्रचार प्रसार कर रही है तथा पर्यावरण की शुद्धि और मानसिक प्रदूषण दूर करने हेतु प्रयासरत है।

# राज्य निर्माण के दौरान प्रकाशित समाचारों की प्रदर्शनी लगाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर रविवार को राइंका कोटद्वार में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा शिक्षक संतोष सिंह नेगी द्वारा सन् 1987 से 2000 के अखबारों की कटिंग की प्रदर्शनी लगाई गई। इन कटिंग के माध्यम से स्कूल के बच्चों, बीएड प्रशिक्षुओं व अभिभावकों को राज्य आंदोलन के दौर की स्थिति परिस्थिति से रुबरु करवाया गया। बच्चों और अभिभावकों द्वारा अखबारों को पढ़कर उस दौर की स्थिति को आत्मसात करने की कोशिश की गई ।

चिंगारी
समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
कोटद्वार
मो. 9412922231, 7417871942

# समाजसेवा के क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट योगदान दिया विश्वम्भर दयाल मुनि विश्वकर्मा अवार्ड से सम्मानित किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत पश्चिमी झंडीचौड़ में रविवार को विश्वम्भर दयाल मुनि विश्वकर्मा ट्रस्ट की ओर से ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष स्व. विश्वम्भर दयाल मुनि विश्वकर्मा के स्मृति दिवस व ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष स्व. कान्ति प्रकाश आर्य की 8 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पार्षद सुखपाल शाह ने कहा कि मुनि विश्वकर्मा ने जीवन के अंतिम पड़ाव में निर्धन छात्रों को छात्रवृत्ति व अनाथ, दिव्यांग व बेसहारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से ट्रस्ट की स्थापना की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व दर्जाधारी मंत्री सुनीता बिष्ट ने कहा कि मुनि विश्वकर्मा महर्षि दयानंद सरस्वती के अनुयायी थे। महर्षि के विचारों की रोशनी में ही मुनि ने ट्रस्ट की स्थापना की। इस अवसर पर समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने पर विकास खंड द्वारीखाल की ग्राम सभा बमोली के पूर्व प्रधान कोमल चन्द्र को विश्वम्भर दयाल मुनि विश्वकर्मा स्मृति सम्मान - 2025 से सम्मानित किया गया, साथ ही ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष स्व. कान्ति प्रकाश की स्मृति में 10 जरूरतमन्दों को कम्बल भी वितरित किये गये। कार्यक्रम में पूरण चंद्र शर्मा, ट्रस्ट के संस्थापक सचिव डॉ. सुरेन्द्र लाल आर्य, लक्ष्मी देवी, बुद्धि प्रकाश, राजेंद्र प्रसाद शाह, नेत्र सिंह रावत, कमलकुमार और सुरजीत सिंह सहित ट्रस्ट के अन्य सदस्य शामिल रहे।

# राज्य स्थापना दिवस पर जीआईसी जयदेवपुर में 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग सम्मानित किये


**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राज्य स्थापना दिवस पर रविवार को राजकीय इंटर कॉलेज जयदेवपुर व राइंका झंडीचौड़ में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

राइंका जयदेवपुर में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गायन, नृत्य, भाषण और कविता पाठ के माध्यम से उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति, पहाड़ों की शांति और विकास की गाथा को प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रधानाचार्य शोबेंद्र जोशी ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए केवल एक जयंती नहीं, बल्कि भविष्य की ओर बढ़ते कदमों का प्रतीक है। इस अवसर पर कुमाऊंनी समिति की ओर से विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया साथ ही 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को सम्मानित किया गया। वहीं राजकीय इंटर कॉलेज झंडीचौड़ में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. सोहनलाल ने कहा कि राज्य आंदोलन में जनमानस की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कहा कि उत्तराखंड आंदोलन में आज दो ,अभी दो उत्तराखंड राज्य दो, कोदा झंगौरा खाएंगे, उत्तराखंड बनाएंगे आदि नारों के साथ छात्र, युवा शिक्षक, कर्मचारी व आम जनमानस ने आंदोलन में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाते हुए उत्तराखंड राज्य निर्माण के लिए संघर्ष किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# रुद्रप्रयाग में मैक्स सड़क से 30 फीट नीचे गिरी, बिजनौर के दो लोगों की मौत

रुद्रप्रयाग ( चिंगारी )। गौरीकुंड हाईवे पर देर शाम एक मैक्स वाहन अनियंत्रित होकर भीरी के पास सड़क से करीब 30 फीट नीचे जा गिरा। इस हादसे में बिजनौर निवासी दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। वहीं दुर्घटना से पहले वाहन की चपेट में आने से आधा दर्जन दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। वाहन सवार सभी आठ लोग बिजनौर के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार शाम लगभग साढ़े छह बजे एक मैक्स वाहन मक्कू से रुद्रप्रयाग की ओर आ रहा था। भीरी के पास पहुंचते ही अचानक चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा।



नियंत्रण खोने से वाहन हाईवे पर खड़े कई दोपहिया वाहनों से टकराया और उसके बाद सड़क से नीचे खेतों में जा गिरा। पुलिस और आपदा प्रबंधन टीम ने अभियान चलाकर सभी घायलों को खाई से निकालकर सीएचसी अगस्त्यमुनि पहुंचाया।

वहां डाक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य छह घायलों का उपचार किया जा रहा था। मृतकों में चालक विकास ( 28 ) निवासी ग्राम किसरौता, थाना व जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश और शिशपाल ( 45 ) निवासी बिजनौर उत्तर प्रदेश शामिल हैं। थाना अध्यक्ष मुकेश चौहान ने बताया कि घायलों में टिल्लू ( 42 ) पुत्र जगराम निवासी ग्राम नवादा रायपुर सादात, जिला बिजनौर, सुनील ( 32 ) पुत्र रामकुमार निवासी सुन्दरपुर जिला बिजनौर, जौनी कुमार ( 28 ) निवासी हांडा, महिदास, थाना रायपुर सादात जिला बिजनौर, सुनील कुमार ( 38 ) पुत्र लीलापत सिंह निवासी जलालपुर सुल्तान थाना कोतवाली देहात जिला बिजनौर, पवन पुत्र रामकुमार निवासी सुन्दरपुर जिला बिजनौर और नत्थू निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश शामिल हैं। यह सभी लोग यहां मक्कूमठ में भगवान तुंगनाथ की डोली के आने पर रेहड़ी-फड़ी की दुकान लगाने के बाद लौट रहे थे। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# यूपी के सभी स्कूलों में 'वंदे मातरम्' का गायन किया जाएगा अनिवार्य- योगी

गोरखपुर ( एजेंसी/चिंगारी )। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में एकता पदयात्रा के दौरान बड़ा ऐलान किया है। सीएम योगी ने कहा कि अब यूपी के सभी स्कूलों में 'वंदे मातरम' का नियमित और जरूरी गायन किया जाएगा। गोरखपुर में 'एकता यात्रा' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह कदम नागरिकों में भारत माता और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा और गौरव की भावना को प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के प्रति सम्मान की भावना होनी चाहिए। हम उत्तर प्रदेश के प्रत्येक स्कूल और शिक्षण संस्थान में इसका गायन अनिवार्य करेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर बांटने वाले तत्वों की पहचान करना



हमारा कर्तव्य है। ये नये जिन्ना बनाने की साजिश का हिस्सा है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत में फिर कभी कोई नया जिन्ना न उभरे, विभाजनकारी इरादे को जड़ जमाने से पहले ही दफना देना होगा। गोरखपुर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 'एकता यात्रा' और 'वंदे मातरम' सामूहिक गायन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि 30 अक्तूबर को देशभर के हर जिले में 'रन फ़ॉर यूनिटी' के रूप में राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान, भाजपा ने भी महान वल्लभभाई पटेल के जीवन और कार्यों पर केंद्रित कार्यक्रमों का आयोजन शुरू किया। सरकारी स्तर पर भी कई कार्यक्रम शुरू किए गए। चाहे स्वदेशी की बात हो या आत्मनिर्भरता के कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकता के मुद्दों को संबोधित करने वाली पहल को आगे बढ़ाया गया है, साथ ही देश भर में व्यापक जनजागरण अभियान भी चलाए गए हैं।

## 23 अपर पुलिस अधीक्षकों के तबादले

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग में एक बार फिर बड़े पैमाने में अधिकारियों के स्थानांतरण हुए हैं। शासन ने रविवार को 23 अपर पुलिस अधीक्षकों के तबादले कर दिये। तबादले के क्रम में बीएस वीर कुमार को उपसेनानायक 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद में तैनाती दी गई है। इससे पहले वे पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में अपर पुलिस उपायुक्त में तैनात थे। उनका ट्रांसफर वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट में हुआ था, लेकिन वहां से हटाकर पीएसी गाजियाबाद भेजा गया है। सच्चिनानंद को अपर पुलिस अधीक्षक एसएसएफ मुख्यालय लखनऊ, डॉ. संजय कुमार को उपसेनानायक 27वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर, सुबोध गौतम को अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) हरदोई में तैनात किया गया है। नृपेंद्र को अपर पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट वाराणसी बनाया है। निवेश कटियार को अपर पुलिस अधीक्षक यूपी 112 में नवीन तैनाती मिली है। दिनेश कुमार पुरी को अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) गोरखपुर, संतोष कुमार द्वितीय अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पुलिस महानिदेशक में तैनात को स्थानांतरण कर अपर पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर भेजा गया था, पर उनका स्थानांतरण निरस्त कर दिया गया है।



